
रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 26 जनवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 157 मूल्य 3.00 ₹

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं




**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सीमाओं की रक्षा करने वाले हमारे प्रहरियों, कोरोना संक्रमण के खिलाफ योगदान देने वाले कोरोना वॉरियर्स और सुरक्षा बल के जवानों को उनके योगदान के लिए नमन किया है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि आज का दिन देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरूषों को याद करने का दिन है, जिनकी बदौलत हमें आजादी हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का गणतंत्र और आजादी कायम रहे इसका भार देश के नौजवानों पर भी है, उन्हें देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए इस अवसर पर प्रण लेना चाहिए।

इस प्रकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देश के 72वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र का महापर्व है। आज ही के दिन देश का संविधान लागू हुआ। हमारे महान नेताओं के त्याग और बलिदान से देश को जो आजादी मिली, हमें जो संविधान मिला और जो लोकतंत्र का वरदान मिला है, वह लगातार मजबूत हो। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमारे संविधान की प्रस्तावना के पहले वाक्य 'हम भारत के लोग' ने 26 जनवरी 1950 से लेकर आज तक भारत के जनमन में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भरोसे को बनाए रखा है। विविध रंगों से सजे भारत के लिए हमारे पुरखों ने एक ऐसी बुनियाद रखी, जिसमें देश की एकता और अखण्डता, हर एक व्यक्ति की स्वतंत्रता, भाईचारा, समानता और न्याय समाहित है। संविधान की यही मूल भावना है। चुनौतियों से भरे इस समय में संविधान की भावना को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ हमेशा प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोरोना संकट काल में छत्तीसगढ़ में आर्थिक विकास का पहिया लगातार गतिमान रहा। राज्य में कृषि, उद्योग, रियल इस्टेट सहित सभी सेक्टरों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना और राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत हुई। इन योजनाओं के क्रियान्वयन के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में आर्थिक बदलाव का नया युग प्रारंभ हुआ है। कोरोना संकट के दौरान गरीबों, मजदूरों, मध्यम वर्ग और किसानों को राहत देने के लिए कई नए फैसले लिए गए।


### अवकाश एवं शुभकामना संदेश

गणतंत्र दिवस की पायनियर परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। इस अवसर पर पायनियर समाचार पत्र के कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 28 जनवरी को प्राप्त होगा।

**-संपादक,** पायनियर

## भारत के लोकतंत्र ने दुनिया के सामने आदर्श स्थापित किया है : कोविंद

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत लोकतंत्र के विश्व व्यापी आदर्श के रूप मे उभरा है और सशक्त निर्वाचन तंत्र के जरिए भारत निर्वाचन आयोग ने पूरी दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 11 वें मतदाता दिवस पर यहां आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग के 72 वें स्थापना दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि हमारे जीवंत लोकतन्त्र के संचालन में चुनाव प्रक्रिया की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की सफलता का आधार हमारे जागरुक मतदाता हैं। उन्होंने उन सभी युवा मतदाताओं को बधाई दी जिन्हें पहली बार मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है। श्री कोविंद ने कहा कि स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भारत के संविधान के माध्यम से रोपे गए लोकतंत्र के पौधे की जड़ें, लगभग ढाई हजार साल पुरानी गणतंत्र की मिट्टी से पोषण प्राप्त कर रही हैं। इसीलिए आज जब पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होते जाने की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, तब भारत में लोकतंत्र मजबूत होता जा रहा है। वैशाली, कपिलवस्तु और मिथिला की परंपरा से भारत ने यह सीखा है कि शासन पर समाज के किसी एक वर्ग या वंश का एकाधिकार नहीं होता है। लोकतंत्र में 'लोक' यानी जनता की इच्छा ही सर्वोपरि होती है। गांधीजी के 'ग्राम स्वराज' से प्रेरित हमारे संविधान के 'पंचायती-राज' में, भारत की इसी परंपरा की सहज अभिव्यक्ति देखी जा सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन से प्रेरित होकर, विश्व के अनेक देशों ने हमारी चुनाव प्रणाली का अध्ययन करने में रुचि दिखाई है। स्वतंत्रता-प्राप्त करने के लगभग 75 वर्षों के भीतर ही भारत लोकतन्त्र के एक विश्व-व्यापी आदर्श के पोषक के रूप में उभरा है। इस उपलब्धि में, निर्वाचन आयोग से लेकर साधारण नागरिकों तक का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मतदान के बहुमूल्य अधिकार का सदैव सम्मान करते रहना चाहिए क्योंकि मतदान का अधिकार कोई साधारण अधिकार नहीं है और इसके लिए दुनिया भर में लोगों ने बहुत संघर्ष किया है।

## लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाने में निर्वाचन आयोग का योगदान महत्वपूर्ण : प्रधानमंत्री मोदी

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि निर्वाचन आयोग ने देश में लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और राष्ट्रीय मतदाता दिवस उसके योगदान की सराहना करने का अवसर प्रदान करता है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर सोमवार को अपने ट्विट संदेश में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस देश में लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाने और सुचारू ढंग से चुनावों के संचालन में निर्वाचन आयोग की असाधारण भूमिका की सराहना करने का अवसर है। यह दिन विशेष रूप से युवा मतदाताओं के पंजीकरण पर बल देने की जरूरत के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।






समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई

**अमित कुमार राठौर**
विधायक प्रतिनिधि
जनपद पंचायत-सक्ती
एवं
पूर्व जिला पंचायत सदस्य

---

जांजगीर-चांपा जिले के समस्त नागरिको को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

विनीत-
**श्रीमती मोहन कुमारी साहू (मीनू)**
जनपद सदस्य क्षेत्र क्र-17
पूर्व सरपंच
जनपद पंचायत बम्हनीडीह
जिलाध्यक्ष
महिला कमांडो जांजगीर-चांपा
निवास ग्राम देवरानी (बिर्रा)

---

सक्ती विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिक बंधुओं को

**26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

**पं.घनश्याम प्रसाद पाण्डेय**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता सक्ती

**मनोज जायसवाल (अधिवक्ता)**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता सक्ती

---

26 JANUARY
Happy Republic Day

**26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ...**

**राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह**
अध्यक्ष-सक्ती शिक्षण समिति
पूर्व केबिनेट मंत्री - म.प्र.शासन
राजमहल सक्ती

उपाध्यक्ष - सक्ती शिक्षण समिति सक्ती
जनपद सदस्य - जनपद पंचायत सक्ती
राज महल - सक्ती

---

## सेवा सहकारी समिति मर्या. किरारी प.क्र.766

की ओर से क्षेत्र के समस्त किसान भाईयों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

**सुशील कुमार राठौर**
प्रबंधक

**श्रीमती बुधवारा बाई यादव**
अध्यक्ष

एवं समस्त संचालक मण्डल सेवा सहकारी समिति किरारी

---

## जनपद पचांयत सक्ती

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

राजेश राठौर - अध्यक्ष
ममता प्रेमलाल पटेल - उपाध्यक्ष
आर.एस.साहू - मुख्यकार्यपालन अधिकारी

विनीत -
समस्त जनपद सदस्य एवं अधिकारी, कर्मचारीगण
जनपद पंचायत सक्ती, जिला : जांजगीर-चांपा(छ.ग.)

---

## ग्रामीण यांत्रिकी विभाग-सक्ती
## जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्रीगण
ग्रामीण यांत्रिकी विभाग-सक्ती

---

नगर पंचायत बाराद्वार की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रीमती रेशमा सूर्यवंशी - अध्यक्ष
विजय सूर्यवंशी - उपाध्यक्ष
विक्रम भगत - मुख्य न.पा.अधिकारी

पार्षदगण, एल्डरमेनगण तथा कर्मचारीगण
नगर पंचायत बाराद्वार

---

## विष्णु सर्विस सेंटर सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत-गौरव अग्रवाल (सक्ती)

---

## समस्त क्षेत्रवासियों को

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
एक शुभचिंतक

---

## जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय
## शैक्षणिक जिला-सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
जिला शिक्षाधिकारी एवं समस्त
स्टाफगण शै.जिला-सक्ती

---

सेवा सहकारी समिति मर्या.झालरौदा प.क्र.1454

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
रमेश चन्द्रा, अध्यक्ष
कृष्ण कुमार साहू, प्रबंधक
पिताम्बर साहू, धान खरीदी प्रभारी
सूर्यकांत साहू, कम्यूटर आप.

एवं समस्त सदस्यगण तथा कर्मचारी
सेवा सहकारी समिति मर्या. झालरौदा

---

सेवा सहकारी समिति मर्या.कनेटी प.क्र.1057

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

**हुलेश्वर राठौर** - अध्यक्ष/प्रबंधक
हेमेन्द्र गबेल- कम्प्यूटर आपरेटर
शैलेन्द्र तिवारी - शाखा प्रबंधक जि.स.के.बैंक,सक्ती

---

ग्राम पंचायत सुन्दरेली विकासखण्ड-सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रीमति अभिलाषा सोनहर - सरपंच
अमृतलाल सोनहर - पूर्व-उपाध्यक्ष ज.पं.सक्ती
उपसरपंच इतवार सिंह, सचिव एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-सुंदरेली

---

## सेवा सहकारी समिति मर्या. सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
मिलन जी - अध्यक्ष
धनीराम साहू-प्रबंधक
कम्प्यूटर आपरेटर
एवं समस्त कर्मचारी तथा सदस्यगण
सेवा सहकारी समिति मर्या.सक्ती

---

सेवा सहकारी समिति मर्या. रगजा प.क्र.1859
एवं धान खरीदी उपार्जन केन्द्र - मसनिया

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
रेशम लाल पटेल, अध्यक्ष
आशुतोष जायसवाल, प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारी मसनिया
अरूण साहू - खरीदी प्रभारी रगजा
कान्हा किंकर शुक्ला - कम्प्यूटर आपरेटर रगजा
श्रीमती गीता साहू - कम्प्यूटर आपरेटर मसनियाखुर्द

---

## सेवा सहकारी समिति मर्या. सोंठी प.क्र.34

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
**जे. केरकेट्टा** - प्राधिकृत अधिकारी
**रामेश्वर प्रसाद गबेल** - प्रबंधक

---

ग्राम पंचायत गढ़गोढ़ी विकासखण्ड-सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

बंसत कुमार गोड़ - सरपंच
रेशम लाल - सचिव

एवं समस्त पंचगण तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत गढ़गोढ़ी, जनपद पंचायत सक्ती

---

ग्राम पंचायत बोरदा विकासखण्ड-सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत-
**संजय सिंह सिदार, सरपंच**
**राम कुमार सिदार, सचिव**

एवं समस्त पंचगण तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत बोरदा, जनपद पंचायत सक्ती

---

## धान संग्रहण केन्द्र सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
प्रभारी धान संग्रहण केन्द्र
सक्ती

एवं समस्त सदस्यगण तथा कर्मचारी
धान संग्रहण केन्द्र सक्ती

---

सेवा सहकारी समिति मर्या. अड़भार प.क्र.1633
उप केन्द्र - बुंदेली

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत -
तेजलाल गबेल - अध्यक्ष
मोहन लाल नामदेव - प्रबंधक
भानु गबेल - खरीदी प्रभारी
पुनीराम, पोखर कर्ष अड़भार
बारदाना प्रभारी, डाटा एन्ट्री आपरेटर

---

सक्ती शहर के समस्त नागरिक बन्धुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

**गजाधर यादव(नान्हूभांचा)**
पार्षद वार्ड क्र. 13 न.पा. सक्ती

---

ग्राम पंचायत पतेरापालीखुर्द विकासखण्ड-सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनीत-
**विक्रम सिंह सिदार, सरपंच**
**चमरा राम सिदार, सचिव**

एवं समस्त पंचगण तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत पतेरापालीखुर्द, जनपद पंचायत सक्ती

---

ग्राम पंचायत बासीन विकासखण्ड-सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

लीलाधर प्रसाद जायसवाल - सरपंच
अरविंद राठौर - सचिव

एवं समस्त पंचगण तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत बासीन, जनपद पंचायत सक्ती

---

## आबकारी विभाग वृत्त सक्ती

की ओर से समस्त नागरिक बंधुओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

आबकारी निरीक्षक, उप निरीक्षक
एवं समस्त कर्मचारीगण
आबकारी विभाग,सक्ती
जिला : जांजगीर-चांपा(छ.ग.)




# 26 जनवरी 2021 गणतंत्र दिवस

के पावन पर्व पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं

छत्तीसगढ़ के किसान पुत्र

## माननीय श्री भूपेश बघेल जी

मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन के नगर आगमन पर




माननीय श्री मोहन मरकाम
अध्यक्ष-छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी

## स्वागत
## वंदन-अभिनंदन

विनीत - जिला कांग्रेस कमेटी कोण्डागाँव





माननीय श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री-छत्तीसगढ़

---

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं





वनों को आग से बचायें

वन्य प्राणियों की रक्षा करें

## वन मण्डलाधिकारी

दक्षिण वन मण्डल, कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

---

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं








## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

---

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं






## मुख्य कार्यपालन अधिकारी

जिला-पंचायत-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

---


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं







## राजीव गांधी शिक्षा मिशन

कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)


प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
समस्त ठेकेदार
लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर


बस्तरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
समस्त ठेकेदार
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.), जगदलपुर


अंचलवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
उपसंचालक
कृषि विभाग-जगदलपुर


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें
वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-जगदलपुर

प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें
वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-माचकोट

बस्तरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें



वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-चित्रकोट

अंचलवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें



वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-बकावण्ड

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें
वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-बस्तर

संपादकीय

## कृषि कानूनों पर मतभेद गरीब किसानों का हाल

**वर्तमान** संघर्ष में किसान यूनियनों व सरकार में चाहे जिसकी विजय हो, गरीब किसानों की स्थिति में सुधार की ज्यादा उम्मीद नहीं है। दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन करने वाले हजारों किसान तीन नए कृषि कानूनों की वापसी तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के समर्थन में कानून की मांग कर रहे हैं। लेकिन निश्चित रूप से वे उन किसानों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं जो गले तक कर्ज में डूबे हैं और हर साल उनमें से अनेक आत्महत्या कर लेते हैं क्योंकि सूदखोरों के कर्ज पर भारी ब्याज के भुगतान के दुष्चक्र में उनको कोई रास्ता नहीं दिखता है। सीमाओं पर बैठे किसानों में से अधिकांश पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े व उच्च मध्य वर्ग के प्रतिनिधि हैं। उनके साथ मजबूत अढ़तिया समाज है जिसे कृषि उत्पादन मंडी समितियों-एपीएमसी से भारी लाभ हुआ है। ये किसान विभिन्न राजनीतिक पार्टियों का बड़ा वोटबैंक है और वे इस समुदाय के खिलाफ नहीं जाना चाहती हैं। खास एपीएमसी के क्षेत्र में केवल खास एपीएमसी लाइसेंस धारक व्यापारियों को ही कृषि उत्पाद खरीदने की अनुमति है। इससे व्यापारियों का कार्टेल तैयार होता है जो मेहनती किसानों को उनके उत्पादों का सही दाम मिलने से रोकता है। इसी कारण अनेक दौर की बातचीत के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकला है और किसान नेताओं ने कृषि कानून स्थगित करने का केन्द्र का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। शुक्रवार को वार्ता का नवीनतम दौर भी विफल रहा तथा अगली बैठक की नई तारीख भी नहीं तय की गई। किसान कृषि कानूनों की पूरी वापसी तथा एमएसपी पर कानून की मांग पर अड़े हैं। किसानों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति से भी न्याय की उम्मीद नहीं लगाई है तथा उसे 'पूर्वाग्रही' बता दिया है। दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि इस समिति का काम केवल किसानों की आपत्तियों पर रिपोर्ट देना है और वह बिना किसी सहभागिता के भी अपना काम करेगी।

लेकिन किसानों की आशंकाओं को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता है। किसानों को सरकार द्वारा कानून जल्दी से पास किए जाने पर संदेह है जिसके चलते संसद में इन पर समुचित चर्चा नहीं हो सकी। इन कानूनों को पहले जून, 2020 में अध्यादेशों के रूप में लाया गया था और संसद ने सितंबर में इनको ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया। किसानों का आरोप है कि केन्द्र ने ये कानून कार्पोरेट घरानों को लाभ देने के लिए बनाए हैं और उसे किसानों के हितों की ज्यादा चिन्ता नहीं है। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस क्षेत्र में निजी निवेश तथा कृषि उत्पादों की एपीएमसी के बाहर व्यापार की अनुमति देने से अंततः सरकार किसानों से खरीद कम करेगी तथा इससे एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था अप्रासांगिक हो सकती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत की एमएसपी व्यवस्था दुनिया में खाद्यान्न खरीद की सबसे महंगी व्यवस्था है। समय आ गया है कि सरकार और किसान कृषि क्षेत्र को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करें। हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर बनाया है, पर रसायन उर्वरक-केन्द्रित खेती से स्वास्थ्य व पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हुआ है तथा मृदा की उर्वरता नष्ट हो रही है। इससे हमारी खाद्य श्रृंखला में हानिकारक कैंसरकारक तत्व शामिल हो गए हैं। बीजों व फसलों की हाइब्रिड व ट्रांसजेनिक किस्मों से उत्पादकता बढ़ी है और बाजार की मांग पूरी हुई है, पर इससे देशी किस्मों को भारी खतरा भी पैदा हुआ है। ये स्थानीय किस्में स्वाभाविक रूप से अनेक बीमारियों व रोगों की प्रतिरोधी हैं तथा हमारी समृद्ध जेनेटिक संपदा का हिस्सा हैं। पर्यावरण-हितैषी कृषि को केन्द्र में रखने के साथ ही सरकार को ऐसी प्रभावी नीति बनानी चाहिए जिससे गरीब किसानों को राहत मिले जो संकट में फंसे हैं और उनको हर स्थिति में नुकसान उठाना पड़ता है।

# महामारी से बढ़ी अशिक्षा व असमानता

### शिक्षा तक पहुंच सीमित करके, कोरोना महामारी ने वर्तमान असमानताओं को बढ़ाकर गरीब परिवारों की आर्थिक वृद्धि को बाधित किया है।



**सुरेश कुमार**
(लेखक ह्यूमन लिबर्टी नेटवर्क केंद्र के कार्यकारी निदेशक हैं)



देशव्यापी लाकडाउन की शुरुआत के लगभग 10 महीने बाद, भारत में अब, यद्यपि चरणबद्ध रूप से, वो भी कोविड प्रोटोकालों के साथ स्कूलों को खोलने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, अधिकतर राज्यों ने केवल 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। मगर इससे छोटे बच्चे अभी भी अपने घरों में आनलाइन कक्षाओं तक सीमित हैं और यह स्थिति तब तक जारी रहगी जब तक नर्सरी से 12वीं तक पूरी तरह स्कूल खोलना सुरक्षित नहीं होगा।

यह दुखद तथ्य है कि भारत में निर्बल समुदायों के बहुत से बच्चे दिन में एक समय भोजन के लिए स्कूलों पर निर्भर रहते हैं। बहुत से बच्चों के स्कूल जाने के पीछे कारण मध्यान्ह भोजन योजना है। स्कूलों के बंद हो जाने से प्रबंचित तबकों के बच्चे सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं क्योंकि वे न केवल भूख के शिकार होते हैं बल्कि उनके पास सक्षम परिवारों के विपरीत आनलाइन शिक्षा जारी रखने के लिए स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, लैपटॉप अथवा इंटरनेट सुविधा नहीं होती।

आक्सफैम इंडिया द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, लगभग 80 प्रतिशत भारतीय छात्र लाकडाउन के दौरान आनलाइन शिक्षा का लाभ उठाने से वंचित रहे और हो सकता है सभी के लिए स्कूल खुलने के बाद वे वापस कक्षाओं में लौटकर न आएं। इनमें से बहुत से बच्चे अपने परिवार में स्कूल जाने वाले पहले होते हैं। उनके माता-पिता व पितामहों को विविध सामाजिक-आर्थिक कारणों से स्कूल जाने का अवसर कभी नहीं मिला। शिक्षा तक पहुंच सीमित करके, कोरोना महामारी ने वर्तमान असमानताओं को बढ़ाकर गरीब परिवारों की आर्थिक वृद्धि को बाधित किया है। एक ऐसे देश में जहां आधी जनसंख्या 25 वर्ष से कम आयु वाले लोगों की है, शिक्षा तक पहुंच का अभाव एक ऐसा प्रतिरोधक है जो बच्चों को समाज के योगदानकारी एवं उत्पादक सदस्य बनने से रोकता है।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 600 मिलियन इंटरनेट प्रयोगकर्ता होने के बावजूद, केवल 20 प्रतिशत को ही उसका लाभ उठाने संबंधी जानकारी है। यदि ताजा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की दृष्टि से देखें, तो 12 राज्यों व संघ शासित प्रदेशों में लगभग 60 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने कभी इंटरनेट का प्रयोग नहीं किया है, जिससे सवाल उठता हैः उनके बच्चे आनलाइन अध्ययन कैसे करेंगे? देश में डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का न होना एक बड़ा अंतराल है, जो सामने आया जब स्कूल बंद हो गए और शिक्षा आनलाइन हो गई। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार, जहां यौन तथा सस्ते श्रम के लिए बाल व्यापार अनियंत्रित रूप से चलता है, वहां इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या देश में सबसे कम है और प्रत्येक 100 में से केवल 32 लोगों के पास यह सुविधा है।

हां, एक अत्यधिक संक्रामक वायरस को फैलने से रोकने के लिए लाकडाउन लगाया गया था, लेकिन जबकि भारत ने चरणों में खोलने की शुरुआत कर दी है, स्कूल अभी बंद हैं। पूर्व में, दिहाड़ी मजदूर, जो अनौपचारिक क्षेत्र में काम कर रहे थे, जिनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध नहीं थी वे यह सोचकर काम पर जाते थे कि उनके बच्चे स्कूलों में सुरक्षित होंगे। अब, महामारी के कारण, उनके बच्चे उनके साथ काम पर जाते हैं। वे व्यापार सीखे रहे हैं। वे अपने माता-पिता की तरह संघर्ष कर रहे हैं और एक भिन्न प्रकार का जीवन का अवसर उनसे छिन रहा है। इसके साथ-साथ, उनके माता-पिता के पास अब सुरक्षित नौकरी नहीं रह गई है। इसलिए, वे अपने साध्य को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वे वेतनभोगी नहीं रह गए हैं और उन्हें महाजनों, मित्रों एवं अन्य परिजनों से पैसा उधार लेना पड़ रहा है।

कुछ संगठन जो बाल श्रम के विरुद्ध काम कर रहे हैं उन्होंने खबर दी है कि महाजन ऊंची ब्याज दरों पर पैसा वसूल रहे हैं। वे यह भी बताते हैं कि कुछ लोगों को भोजन और पानी जैसी अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी पैसा उधार लेना पड़ रहा है। इनमें से कई लोग बहुत ज्यादा गरीब हैं और ऋणग्रस्तता से गुजर रहे हैं। वे अधिकतर दलित हैं जो अपने जीवन का अधिकतर हिस्सा दासता व गरीबी में बिताते हैं। वे प्रायः पैसा उधार लेते हैं लेकिन वापस चुकाने में असमर्थ होते हैं और इसलिए उन्हें कर्ज अदा करने लिए काम करना पड़ता है। प्रायः इसका अर्थ होता है कि उनका बच्चा भी काम पर जाए। बिहार के गया निवासी 12वर्षीय राहुल का उदाहरण ही ले लीजिए, जो महामारी के प्रारम्भ के समय से ही अपने गांव में पढ़ने के अवसर से पूरी तरह वंचित हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, वह बाल व्यापार के चुगुल में फंस गया है। महामरी की शुरुआत से पहले, उसके पिता ने एक बाल व्यापार करने वाले का अनुमति दे दी थी जिसके चलते राहुल जयपुर के एक चूड़ी कारखाने में काम करने लगा था। लेकिन सौभाग्य से कारखाने में ले जाए जाने से पूर्व ही वह जयपुर में छुड़ा लिया गया। उसी जिले से वह और 29 अन्य अवयस्कों को एक लक्जरी बस से छुड़ाया गया जो गया से जयपुर तक बच्चों को पहुचाने का काम करती थी। सभी 30 छात्रों को अलग-अलग स्कूलों में भर्ती किया गया और लाकडाउन लागू होने से पूर्व वे नियमित रूप से स्कूल जाते थे। अब वे खाली हैं और बाल व्यापार के शिकारियों के हाथों में पड़ने के जोखिम से गुजर रहे हैं।

विश्व की शिक्षा प्रणाली पर कोविड-19 के प्रभाव संबंधी संयुक्त राष्ट्र की नीति संबोधन में इस तथ्य की ओर संकेत किया गया है कि स्कूलों व विद्यार्जन के अन्य संस्थानों के बंद होने का असर निम्न तथा मध्यम आय वर्ग वाले देशों में 99 प्रतिशत छात्रों पर पड़ा है। इसमें आगाह किया गया है कि बाल श्रम तथा अवैध बाल व्यापार पर प्रचुर मात्रा में प्रभाव हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, दुनियाभर में 152 मिलियन अल्पवयस्क बाल श्रम में रत हैं, जिनमें से 73 मिलियन दासता, बंधुआ मजदूरी, खतरनाक कामों एवं यौन उत्पीड़न में लिप्त हैं। भय है कि गरीब देशों में, बहुत से बच्चों का संपर्क शिक्षा से पूरी तरह टूट जाएगा और वे कभी स्कूल वापस नहीं जा सकेंगे, क्योंकि उन्हें अपने परिवार की आय में योगदान करना पड़ता है। उन्हें यह लगने लगा है कि उनका परिवार उनकी शिक्षा का खर्च वहन नहीं कर सकता और अकसर यह सच साबित होता है। भारत में बाल श्रमिकों की संख्या सर्वाधिक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, 10.13 मिलियन बाल श्रमिक हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में 23.8 मिलियन बाल श्रमिक हैं। बच्चों के लिए स्कूल और कार्यक्रम, यथा संरक्षण केंद्र और युवा क्लब, भी अपने काम में विफल हो रहे हैं। महामारी के कारण परिवारों में घरेलू हिंया तथा स्थानीय बाल व्यापारियों अथवा सूदखोरों द्वारा बच्चों को भर्ती करने के प्रयास छिपे रह जाते हैं। ध्यान शिक्षकों एवं छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर होना चाहिए। सभी साझीदारों को बच्चों व किशोरों के लिए स्कूल खोले जाने के लिए प्रोटाकाल तय करने होंगे। विद्याध्यन में होने वाले नुकसान की गहन परीक्षण किया जाना चाहिए तथा छात्रों को स्कूलों में बनाए रखने के लिए सुविचारित योजनाएं व स्कीमें बनाई जानी चाहिए। ग्रामीण भारत में स्कूलों व छात्रों को विद्याध्यन की यात्रा जारी रखने हेतु सरकार को आवश्यक धन की व्यवस्था भी करनी होगी।


# भारत में तेंदुओं की स्थिति पर एक नज़र

"

रिपोर्ट का शीर्षक 'भारत में तेंदुओं की स्थिति' थोड़ा भ्रामक है क्योंकि वे पूरे भारत में नहीं पाए जाते हैं।

"

**हरिशंकर सिंह**
(लेखक राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के सदस्य हैं)



राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अधिकरण तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून द्वारा 'भारत में तेंदुओं की स्थितिः 2018' शीर्षक वाली रिपोर्ट 2020 में जारी की गई। लेकिन यह शीर्षक थोड़ा भ्रामक है क्योंकि यह भारत के बाघ राज्यों में तेंदुओं की स्थिति के बारे में है, पूरे देश के बारे में नहीं। वास्तव में 'भारत में तेंदुओं की स्थितिः 2018' बाघ जनसंख्या के चौथे चक्र के आधार पर है जिसमें कैमरा इमेजिंग व रिकैप्चर तकनीकों से यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत के बाघ अभयारण्यों में तेंदुओं की संख्या 2014 में 7,910 से बढ़ कर 2018 में 12,580 हो गई। इसके बाद मीडिया ने तेंदुओं की संख्या में 60 प्रतिशत वृद्धि पर उत्साह प्रकट किया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी इनकी संख्या में वृद्धि का उल्लेख किया, लेकिन यह पूर्ण सत्य नहीं है। 2018 में अखिल भारतीय बाघ अनुमान के समय तेंदुओं की संख्या का भी अनुमान लगाया गया था। लेकिन बाघ वाले राज्यों में गैर-वन परिवेशों जैसे काफी व चाय बागानों, नदियों के किनारे व अन्य क्षेत्रों में, हिमालय पहाड़ों की चोटियों पर तथा उत्तर-पूर्व के मैदानी क्षेत्रों में इनका अनुमान नहीं लगाया गया था। इसलिए संख्या का अनुमान भारत में बाघ वाले क्षेत्रों तक सीमित नहीं होना चाहिए।



तथ्य यह है कि तेंदुए भारत के 29 राज्यों व एक केन्द्रशासित क्षेत्र में पाए जाते हैं, जबकि बाघों की उपस्थिति केवल 18 राज्यों में है। इन राज्यों में भी तेंदुओं के सभी पर्यावासों का अनुमान नहीं लगाया गया है। इससे पूरे देश में तेंदुओं की संख्या के अनुमान पर संदेह होता है। उदाहरण के लिए, हिमालय में तेंदुओं की संख्या काफी है जिसके प्रमाण उत्तराखंड में मानव-तेंदुआ टकराव की बढ़ती घटनाओं से मिलते हैं। राज्य वन विभाग के अनुसार पिछली तीन गणनाओं में 2,100-2,400 तेंदुओं का अनुमान था। इससे स्पष्ट है कि 2018 की गणना में उत्तराखंड के दो तिहाई पर्यावासों का सर्वेक्षण नहीं हुआ। अन्य वन्य जीवों की तरह तेंदुओं का भी संरक्षण महत्वपूर्ण्पा है। तेदुओं को बाघ परियोजना की तरह कोई विशेष परियोजना का सहारा नहीं मिला है ऐसे में उनका संरक्षण सामान्य व्यवस्था का ही हिस्सा है। हिमाचल प्रदेश व जम्मू कश्मीर में भी तेंदुए पाए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के वन विभाग ने पिछली गणना में 761 तेंदुओं की जानकारी दी थी। जम्मू कश्मीर में भी सैकड़ों तेंदुए हैं। गुजरात में 2016 में 1,395 तेंदुओं की गणना हुई थी। कुछ क्षेत्रों को छोड़ कर पूर्वोत्तर के सात राज्यों व पश्चिम बंगाल में अनेक क्षेत्रों को सर्वेक्षण में शामिल नहीं किया गया है। सभी मुख्य वन्यजीव वार्डनों द्वारा तैयार आंकड़ों के अनुसार 384 संरक्षित क्षेत्रों में तेंदुओं की एक तिहाई संख्या है जो भारत के 1,36,551 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हैं। इस प्रकार भारत के बाघ वाले राज्यों में 'भारत में तेंदुओं की स्थितिः 2018' रिपोर्ट गैर-बाघ वाले राज्यों तथा अन्य राज्यों पर लागू नहीं होती है।

देश के बाहर भारतीय तेंदुए दुनिया में पाई जाने वाली तेंदुओं की आठ उप-प्रजातियों में शामिल हैं। इनकी संख्या पाकिस्तान, नेपाल, भूटान तथा बांग्लादेश, म्यांमार व चीन में 1200 से 1500 तक है। एशियाई तेंदुओं की सात उप-प्रजातियों में लगभग 20,000 से 22,000 वयस्क व बच्चे शामिल हैं। इनमें से तीन चौथाई भारत में तथा बाकी एशिया के 30 देशों में पाए जाते हैं। अफ्रीकन तेंदुओं की संख्या इससे 20 गुना अधिक है। हालांकि, पिछले वर्षों में भारत में तेंदुओं की संख्या बढ़ी है, पर इस सुंदर व अत्यधिक बुद्धिमान प्राणी के संरक्षण की आवश्यकता है।

जानवर-मनुष्य टकराव की बढ़ती संख्या के कारण यह बहुत कठिन हो गया है। अकसर तेंदुए अवैध शिकारियों द्वारा बिछाए गए जालों में फंस जाते हैं। अकसर ऐसी घटनाओं की खबरें सुनने को मिलती हैं। इसके अलावा वन्य क्षेत्र से भटककर मानव बस्तियों में चले जाने पर उन्हें मार डाले जाने की संभावनाएं भी बनी रहती हैं। निर्वनीकरण के फलरूवरूप जंगलों का सफाया हो जाने के चलते वन्य प्राणी भोजन आदि की तलाश में अकसर भटककर मानव बस्तियों में पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा उन्हें घेरकर मार दिए जाने की घटनाएं अकसर सुनने को मिलती हैं। ऐसे में जंगल काटे जाने से रोकने व अवैध मानवीय विस्तार पर रोक लगाने के लिए लिए सख्त रवैया अपनाने की जरूरत है। समय आ गया है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहना सीखें तथा तेंदुए के पर्यावासों को नुकसान न पहुंचाएं। आखिरकार उनको भी दुनिया में मनुष्यों की तरह रहने का अधिकार है। बच्चों को दुनिया के संसाधनों का साझा करने का सबक सिखाना जरूरी है नहीं तो यह हमारा ही नुकसान होगा।

## फरमाया




**नेताजी** ने एक सशक्त भारत का सपना देखा था। एलएसी से एलओसी तक हम उनके पदचिन्हों पर चल रहे हैं। नेताजी यह देखकर गर्व महसूस करते।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कोलकाता** में इस वर्ष की गणतंत्र दिवस परेड नेताजी बोस को समर्पित होगी। केंद्र को 23 जनवरी पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना चाहिए।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



**प्रधानमंत्री** मोदी ने बड़े कारपोरेटों के साथ साझीदारी कर ली है और वे देश की जनता की हर चीज उन्हें बेच रहे हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## डिजिटल शिक्षा से सीख

**कोविड 19** महामारी ने बच्चों के दैनिक जीवन को बढ़िया तरीके से बाधित किया है। महामारी के कारण सभी शिक्षण संस्थानों और परीक्षाओ को स्थगित करना पड़ा है तथा इसके कारण बहुत से बच्चे शिक्षा तंत्र से बाहर हो गए हैं। बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो यह सुनोश्चित करने के लिए स्कूलों द्वारा पढ़ाई को ऑनलाइन मोड पर ट्रांसफर करना पड़ा। इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व चुनौती का सामना करना पड़ा है। जहां कई छात्र अपना अधिकांश समय मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बितातें हैं वही कई अन्य इंटरनेट जैसे उपकरणों की अनुपस्थिति या इससे जुड़ी अन्य चुनोतियों के कारण पढ़ाई में पिछड़ रहे हैं। हालांकि ई लर्निंग को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु सरकार ने कई पहल शुरू की हैं जैसे ईजी पाठशाला ,स्वयं, प्रज्ञाता आदि आदि। परंतु इनसे कोई ज्यादा सुधार देखने को नही मिलेगा। प्रत्येक बच्चे के लिए मौलिक अधिकार के रूप में समान रूप से अच्छी शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वास्तविक प्रयासों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अब हम जैसा देख रहे हैं कि धीरे धीरे राज्य सरकारों ने राज्य में स्कूल खोलने के निर्देश दे दीये गए है परंतु ऑनलाइन शिक्षा पद्यति ने हमको एक नई सीख दी है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## शेयर बाजार में उछाल

**यह** पत्र शेयर बाज़ार मे उछाल के संदर्भ मे है। निस्संदेह यह आंकड़ा मनोवैज्ञानिक रूप से सुखद है और इसके पीछे विदेशी निवेशकों का बहुत बड़ा हाथ है क्योंकि पिछले वर्ष मार्च से यह 50,000 तक का सफ़र उसी वजह से संभव हो पाया है। आज यू एस डॉलर मे जो मंदी है उसी वजह से निवेशकों को भारत जैसा उभरते बाज़ार मे आकर्षण लग रहा है. लेकिन जैसे ही अमरीका डॉलर मे तेज़ी आएगी यह निवेशक अपना पैसा निकालने मे देरी नही करेंगे। लेकिन कई ऐसे महत्वपूर्ण पहलू हैं जिनको ध्यान मे रखने की ज़रूरत है। पहला यह की इस बाज़ार की ऐसी उछालों का अर्थव्यवस्था की वास्तविक हालत से कुछ ज़्यादा संबंध नही है, क्योंकि अर्थव्यवस्था अभी पटरी पर आने की कोशिश कर रही है। और दूसरा यह की खुद्रा निवेशकों को बहुत सचेत और समझदार रहने की ज़रूरत है, क्योंकि ऐसे अक्सर देखा गया है की बाज़ार में उछाल के बाद निवेशक बिना किसी शेयर के बारे मे खोज बीन के बाज़ार मे पैसा डाल देते हैं और जैसे ही बाज़ार मे मंदी आई वह पैसा निकाल लेते हैं, और बड़ा नुकसान उठाते हैं।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

## अनेकता में एकता

**सोशल** मीडिया पर एक बहुत ही गौरतलब करने योग्य तथा प्रेरणास्पद पोस्ट है। ऑस्ट्रेलिया की भूमि पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऋषभ पंत (हिंदू), मोहम्मद सिराज (मुस्लिम), शुभमन गिल (सिख), वाशिंगटन सुंदर (ईसाई) के बारे में। यह सब मिलकर साझा प्रयास करते हैं, तो असंभव को संभव बना देते हैं। बहुत पहले हमारे देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, यह है भारत के सिपाही। बड़े गर्व से नारा लगाया जाता था। क्योंकि आपसी भाईचारा, सौहार्द व मिलकर ही देश को आगे बढ़ाय जा सकता है, विकास के चरम को प्राप्त कर सकते है, ना की आपसी जूतमपैजार से। जैसे भारतीय क्रिकेट टीम के इन खिलाड़ियों ने सामूहिक प्रयास के द्वारा जीत का परचम लहराया। कहने का मतलब साफ है कि देश में घृणा, नफरत, राग द्वेष का कोई स्थान नहीं है हम सब हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई या जो भी हैं बाद में है, सबसे पहले हैं हम सब प्यारे हिंदुस्तानी। यही गर्व भाव पैदा करने की जरूरत है और नफरत व घृणा को हाशिए से बाहर करते हुए जमींदोज करने की जरूरत है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें

वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-दरभा

बस्तरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें



वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-कोलेंग

अंचलवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वन एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें
वनों को दावानल एवं कटने से बचायें



वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र-भानपुरी

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड-लोहंडीगुड़ा

## क्विक न्यूज

### किशोरी लापता, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** दुकान जाने का नाम लेकर निकली किशोरी के लापता हो जाने के मामले में परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुम इंसान दर्ज करते हुए मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को थाना कोतरारोड में नाबालिग किशोरी के 23 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट बालिका की मां द्वारा दर्ज कराया गया है। बालिका की मां ने बताया कि उसकी बेटी (17.6 साल) 23 जनवरी की दोपहर में दुकान जा रही हूं कहकर घर गई और फिर वापस नहीं आई है। बालिका की मां बताई कि सुबह से काम पर गये थे, दोपहर में बड़ी लड़की फोन कर बताई की बहन दुकान गई थी जो काफी समय हो गया है। घर नहीं आई है। तब बालिका का आसपास पता किए पता नहीं चला, थाना कोतरारोड में रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### जनरल स्टोर में चोरों ने बोला धावा

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीएचई आफिस के बगल राजा भाटिया की दुकान से चोरी की वारदात सामने आई है। घटना के बाद पीड़ित ने चक्रधर नगर थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। राजा भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया है की उसके दुकान से विगत कुछ वर्षों से लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा। इस वर्ष उसकी दुकान में यह पहली चोरी की घटना है। पिछले वर्ष भी दुकान से लॉकडाउन के समय एक बार और चोरी हुई थी और चोर ने दुकान में रखे सामान और फ्रिज को चोरी कर लिए थे। पीड़ित ने बताया है कि 20 जनवरी की रात्रि वह दुकान बंद कर प्रतिदिन की तरह अपना घर चल दिया और जब सुबह वह दुकान आया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा है। जब दुकान खोल कर देखा तो दुकान के अंदर से अज्ञात लोगों ने फ्रिज और दुकान के अंदर रेक में रखे सिगरेट, बीड़ी, मास्क को पार कर दिया है।

# बंद जूट मिल को शुरू करने की होगी पहल

■ **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ में की कई घोषणा**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को रायगढ़ जिले के सारंगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-नंदेली में आयोजित अखिल भारतीय रामनामी महासभा बड़े भजन मेला में शामिल हुए। उन्होंने जयस्तंभ की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सारंगढ़ में 50 बिस्तर अस्पताल निर्माण, कोसीर को उप तहसील बनाने और भड़िसार में जलाशय निर्माण की घोषणा की। साथ ही प्रदेश में बारदाने की कमी को देखते हुए रायगढ़ के बंद पड़े जूटमिल को शुरू करने के लिए भी पहल करने की बात कही। मुख्यमंत्री बघेल ने संत कबीर के दोहे मोको कहां ढूंढे बंदे, मैं तो तेरे पास में- का उगेख करते हुए कहा कि रामनामी समाज के लोगों ने अपने शरीर में राम का नाम गुदवाकर कहीं बाहर ईश्वर को खोजने की बजाए उन्हें खुद में स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि रामनामी समाज के लोग कठिन साधना करते हैं। पूरे शरीर में राम का नाम गुदवाते हैं। ओढ़नी भी राम नाम की ओढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने, संवारने व आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। लगभग 135 करोड़ खर्च कर राम वन गमन पथ का निर्माण किया जा रहा है।



जिसमें इस वर्ष 9 जगहों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सरकार किसानों के लिए लगातार हितकारी निर्णय ले रही है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। इस वर्ष अभी तक 86 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान के सुविधापूर्वक उपार्जन के लिए नयी समितियां व धान खरीदी केंद्र खोले गए हैं। कोरोना के चलते उपजी परिस्थितियों से बारदाने की आपूर्ति प्रभावित हुई, तो राशन के बारदानों व प्लास्टिक बारदानों के साथ किसानों के बारदाने में खरीदी को स्वीकृति दी गयी ताकि खरीदी प्रभावित न हो। रायगढ़ में स्थित जूट मिल को चालू करने की दिशा में काम किया जा रहा है। जिससे लोगों को रोजगार मिले और बारदानों की होने वाली किगत भी दूर की जा सके। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत धान उत्पादक किसानों को लगभग 5750 करोड़ रुपए की आदान प्रोत्साहन राशि सीधे उनके खाते में जमा कराई जा रही है। योजना के तहत तीन किश्तों में 4500 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। चौथी किश्त 31 मार्च के पहले दी जाएगी।

**वर्मी कम्पोस्ट से जैविक खेती को मिल रहा बढ़ावा-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूती के लिए देश दुनिया में पहली बार गोधन न्याय योजना शुरू की गई। जिसके अंतर्गत दो रुपए किलो में गोबर खरीदी की जा रही है। इससे गौपालकों, किसानों और ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का जरिया मिल रहा है। वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण से महिलाओं को स्वावलंबन की नयी राह मिली है। पहले लोग धान बेचकर मोटरसाइकिल खरीदते थे। अब गोबर बेचकर ही मोटरसाइकिल खरीद रहे हैं। वर्मी कम्पोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। भूमि की उर्वरता बढ़ रही है। फसलों की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है।

**इस वर्ष आयोजन का 112 वां साल** – उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि यह मेला हमारी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। यह देश के आजादी से पहले से ही आयोजित होता आ रहा है। इस वर्ष आयोजन का 112 वां साल है। इस अवसर पर विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जागड़े ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, विधायक सरायपाली किस्मत लाल नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर रायगढ़ नगर निगम जानकी काटजू, कलेक्टर भीम सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह सहित जनप्रतिनिधि, रामनामी समाज के सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कोविड-19 के चलते सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नहीं होगा आयोजन

■ **दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में होने वाला गणतंत्र दिवस समारोह हुआ स्थगित**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर सहित अंचल में इस वर्ष 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर जहां ध्वजारोहण का कार्यक्रम विभिन्न सरकारी दफ्तरों,शैक्षणिक संस्थानों एवं एवं निजी संस्थानों में भी किया जाएगा तथा 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जहां छत्तीसगढ़ राज्य सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किए गया हैं, किंतु गणतंत्र दिवस के मौके पर दिखने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम इस वर्ष नहीं होंगे, इसी तरह शक्ति विकास खंड का संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में इस वर्ष नहीं होगा, तथा कोविड-19 के चलते इस वर्ष सिर्फ ध्वजारोहण के कार्यक्रम विधिवत संपन्न होंगे, एवं सार्वजनिक रूप से होने वाले आयोजन नहीं किए जाएंगे, तथा इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर होने वाली बैठक भी कोविड-19 के कारण स्थगित कर दी गई है, तथा सरकारी स्कूलों में जहां गणतंत्र दिवस को लेकर ध्वजारोहण की तैयारियां की जा रही हैं तो वहीं निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी विद्यालय प्रबंधन समारोह की तैयारी में जुटा हुआ है,उल्लेखित हो कि विगत मार्च 2020 के बाद से चल रहे कोरोनाकाल को लेकर प्रशासन काफी सख्त है, एवं किसी भी राष्ट्रीय पर्व एवं सार्वजनिक रूप से आयोजनों के चलते कोविड-19 का संक्रमण न फैले इस हेतु प्रशासन काफी चिंतित है, इस वर्ष सरकारी एवं निजी स्कूलों में भी होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे, जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर यशवंत कुमार ने विगत सप्ताह गणतंत्र दिवस की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं,जिसके अंतर्गत जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण होगा एवं जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में सुबह 9:00 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा, जिसमें मार्च पास्ट परेड एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे ।

## लायनेस क्लब ने किया पुरुष्कार वितरण



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती के वार्ड 12 के युवाओं द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसका समापन 23 जनवरी को हुआ इस प्रतियोगिता के विजेता रूद्र एवं सौमेन्द्र एवं उपविजेता अविनाश एवं मुकेश को पुरस्कार लायनेस क्लब सक्ती के द्वारा वितरण किया गया इस अवसर पर लायनेस क्लब सक्ती की अध्यक्ष लायनेस अनीता सिहं ने सभी को खेल की सराहना कर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया एवं सभी को प्रोत्साहित किया इस अवसर पर सबा खान, विनोदनी सिंह ,अंजु सिंह के साथ अन्य सदस्य एवं आयोजक समिति के बालक उपस्थित रहे।

# तमनार ढोलनारा में 12 लीटर महुआ शराब जब्त

■ **पुसौर, छाल, बरमकेला क्षेत्र में जुआ खेलते पकड़े गए जुआरी**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस कप्तान के निर्देश पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब तथा जुए पर कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को थाना तमनार में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू एवं हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम ढोलनारा जाकर शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि नंद कुमार राठिया पिता स्व बलीराम राठिया उम्र 29 वर्ष के घर पर अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करता है। रेड कार्यवाही दौरान संदेही घर के सामने 20 लीटर वाली प्लास्टिक के जरकीन रखे हुआ मिला। जरकिन में 12 लीटर महुआ शराब भरा था। जिसे आरोपी द्वारा बिक्री करने के लिए रखना बताया। उसके पास शराब करने का कोई कागजात नहीं था। तमनार पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। 23 जनवरी को थाना पुसौर, छाल एवं बरमकेला अन्तर्गत 52 पत्ते तास से जुआ खेलने वालों पर मुखबिर सूचना पर कार्यवाही की गई है । पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम औरदा के पीछे देवलास खार खेत में जुआ रेड कार्यवाही किया गया। इस दौरान कुछ जुआरी पुलिस को देखकर फड़ छोड़ भागे। मौके पर जुआडियान प्रदीप मिश्रा पिता स्व एसएन मिश्रा उम्र 52 वर्ष निवासी दीनदयाल कालोनी रायगढ़, अर्जुन साव पिता जगदीश साव उम्र 37 वर्ष निवासी औरदा पकड़े गए। जिनके फड़ एवं पास से 11,900 रुपए बरामद हुआ जिसकी जप्ती की गई है। छाल पुलिस द्वारा ग्राम कुकरीचोली मिडिल स्कूल के पास जगंल में आरोपी दिगम्बर कुम्हार पिता भुनेश्वर कुम्हार उम्र 32 वर्ष निवासी बींजकोट थाना भूपदेवपुर, नेतराम राठिया पिता चैतराम राठिया उम्र 30 वर्ष निवासी झींटीपाली थाना भूपदेवपुर, कोमल दर्शन पिता बेदराम दर्शन उम्र 42 वर्ष निवासी बरभौना थाना छाल, ग षि डनसेना पिता संतोष डनसेना उम्र 22 वर्ष निवासी बरभौना थाना छाल को जुआ खेलते पकड़े। जहां फड़ एवं आरोपियों पास से 4,000 रुपए की जप्ती क ड़ी गई है। बरमकेला पुलिस ग्राम तौसीर मरघटी के पास चन्द्रशेखर डनसेना पिता सुखसागर उम्र 24 वर्ष, गोवर्धन नायक पिता बरतराम नायक उम्र 55 वर्ष निवासी तौसीर, चुलामणी नायक पिता मदन मोहन नायक उम्र 52 वर्ष निवासी घुंचापाली तथा ग्राम तौसीर मण्डी के पास सोमनाथ सारथी पिता मिनकेतन सारथी उम्र 28 वर्ष निवासी टेकापत्थर, लोकनाथ सारथी पिता मिनकेतन सारथी उम्र 37 वर्ष निवासी टेकापत्थर, शिवधन सिदार पिता गणेश सिदार उम्र 37 वर्ष निवासी करनपाली, गंगाराम नायक पिता विद्याधर नायक उम्र 25 वर्ष निवासी कटंगपाली को जुआ खेलते पकड़ा गया है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विकासखंड के गढ़गोढ़ी में हुआ कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ग्राम गड़गोड़ी में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय गीता नेवारे एव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुलदीप भारती उपस्थित थे, श्रीमती नेवारे ने कहा कि बालिका को शिक्षित कराना समाज का कर्तव्य है शासन द्वारा भी बालिकाओं के शिक्षा के लिए उन्हें कई प्रकार की सुविधाएं प्राप्त होती हैं कई स्कूलों में बालिका छात्रावास एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलदीप भारती ने कहा कि बालिकाओं ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है आज हर चाहे शिक्षा हो चाहे ना हो या आईएसआईपीएस के रूप मेंमहिलाओं का अपना अलग महत्व है इस अवसर पर गांव के सरपंच बसंत गोड़ सहित जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक बनाए गए प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गोविन्द नगर स्थित जागृति मंडल में 24 जनवरी को राज्य के सभी



जिला,विभाग से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ प्रान्त संघचालक का निर्वाचन हुआ, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना को बनाया गया है,ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संविधान के अनुसार प्रत्येक 3 वर्ष में सम्पन्न होने वाले निर्वाचन में निवृत्तमान प्रान्त संघचालक बिसराराम यादव ने अपने कार्यकाल के पूर्ण होते ही निवृत्त होने की घोषणा की. इसके बाद डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना (अस्थिरोग विशेषज्ञ) को सर्वसम्मति से प्रान्त संघचालक बनाए गए है।

# पार्षद कमल ने अपने वार्ड में नया राशन दुकान खोलने खाद्य मंत्री से किया आग्रह

■ **लगभग 1000 हितग्राहियों को मिलेगी समस्याओ से निजात**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

नगर निगम के एमआईसी स्वास्थ्य प्रभारी एवं वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद कमल पटेल ने महापौर जानकी काट्जू के मार्गदर्शन में एक दिवसीय प्रवास पर आए खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से सौजन्य मुलाकात कर चांदमारी में नया शासकीय उचित मूल्य की दुकान बनाने पत्र के माध्यम से आग्रह किया।

विदित हो कि 24 जनवरी को छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री एक दिवसीय प्रवास पर रायगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों से मुलाकात की, उसी क्रम में नगर निगम के एमआईसी स्वास्थ्य प्रभारी कमल पटेल निगम की महापौर जानकी काटजू के मार्गदर्शन में अपने वार्ड पर राशन दुकान की आवश्यकता के लिए पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए चर्चा की। जिसमें पार्षद कमल पटेल ने बताया कि पूर्व में वार्ड क्रमांक 9 चांदमारी जो पुराने वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 का आधा हिस्सा मिलकर वार्ड क्रमांक 9 का निर्माण किया गया था चूंकि शहर के लगभग सभी उचित मूल्य की दुकान पुराने वार्ड के अनुसार से ही संचालित हो रहे हैं जिसमें वार्ड क्रमांक 6 में लगभग 1500 कार्ड धारी एवं वार्ड क्रमांक 7 में लगभग 800 राशन कार्ड धारी हैं जो हमारे नए वार्ड क्रमांक 9 की लगभग 600 राशन कार्ड धारी पुराने वार्ड क्रमांक 6 में एवं पुराने वार्ड क्रमांक 7 में 400 हितग्राही राशन लेने आते हैं जिससे वार्ड वासियों को उचित मूल्य की दुकान में भीड़ एवं दूरी होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि पुराने वार्ड क्रमांक 6 के लगभग 600 व वार्ड क्रमांक 7 के लगभग 400 राशन कार्ड धारी जो कि नए वार्ड क्रमांक 9 चांदमारी से संबंधित है उन्हें मिलाकर नये वार्ड क्रमांक 9 चांदमारी के नाम से नए शासकीय उचित मूल्य की दुकान बनाकर स्थानांतरित किया जाए तो वार्ड वासियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। पार्षद कमल ने बताया कि पूर्व में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय को भी सम्बंधित पत्र के द्वारा इसकी जानकारी दी गई है। खाद्य मंत्री भगत ने लिखित में खाद्य अधिकारी को प्रस्तावनुसार त्वरित कार्यवाही के लिए आदेशित किया।

# संस्कार क्रिकेट एकेडमी ने घरघोड़ा को किया परास्त, रायगढ़ कप का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित रायगढ़ कप का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अनूप रोड कैरियर के संचालक व इंड एग्रो डायरेक्टर अनूप बंसल, राजेश शुक्ला नगर निगम एल्डरमैन और रणजी ट्रॉफी प्लेयर अनिल अग्रवाल, पी के सिंह मौजूद थे।

रविवार का मैच संस्कार क्रिकेट एकेडमी विरुद्ध ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी घरघोड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले संस्कार क्रिकेट एकेडमी को बगेबाजी करने को कहा संस्कार क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 114 रन बनाकर आल आउट हो गई। जिस में सर्वाधिक रन सूरज ने 32 रन बनाए। अमित कुमार ने 24 रनों का योगदान दिया। राहुल ने 20 रन बनाए। घरघोड़ा की तरफ से मोहर



एनहांसिंग ने तीन-तीन विकेट लिए 114 रन का पीछा करने करने उतरी घरघोड़ा की टीम 82 रन पर आल आउट हो गई। इसमें सर्वाधिक रन आशीष ने बनाए। उन्होंने 40 रनों का योगदान दिया। संस्कार क्रिकेट एकेडमी की तरफ से रवि, राहुल, सचिन एंड आलोक ने दो-दो विकेट लिए अमित कुमार को एक विकेट मिला। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमित कुमार रहे जिन्होंने 24 रन बनाए और एक विकेट लिया। रविवार के मैच के निर्णायक हिमांशु चावड़ा और मले आईएस थे। इस मैच का लुत्फ उठाने सैकड़ो की तादाद में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# जिले में कोरोना टीकाकरण की रफ्तार धीमी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना वैक्सीनेशन की रफ्तार धीमी गति पर है इसे ब?ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ मिनिस्ट्री को 15 नए सेंटर ब?ाने के लिए प्रस्ताव भेजा था जिसे सोमवार से खोलने की भी तैयारी थी लेकिन स्वीकृती नहीं मिल पाई ऐसे में 2 नए सेंटर ही सोमवार को जिले में खुल पाएगी वहीं दो पुराने सेंटरों को बंद कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 सेंटरों में कोरोना वैक्सीनेशन किया जा रहा है। ऐसे में इन सेंटरों में लक्ष्य के अनुरुप हेल्थ वर्कर नहीं पहुंच रहें थे ऐसे में टॉरगेट ब?ाने के साथ ही 15 सेंटर और ब?ाने का फैसला लेते हुए अनुमति मांगी गई थी लेकिन अब तक नए सेंटर बढ़ाने के लिए कोई निर्देश नहीं मिला जिसके बाद सोमवार को



जिले में दो पुराने सेंटर दर्रीघाट और मस्तुरी को बंद किया जाएगा वहीं एनटीपीसी सीपत और तखतपुर सीएससी को कोरोना टीका के लिए नए केंद्र बनाए गए है। जहां सोमवार से हेल्थ वर्करों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.मनोज सैम्यूअल ने बताया शासन को नए सेंटर बढ़ाने के लिए पत्र प्रेषित तो किया गया है लेकिन जवाब अभी तक नहीं मिली है। ऐसे में दर्रीघाट और मस्तूरी में हेल्थ वर्करों को वैक्सीन लग चुकी है। ऐसे में इन सेंटरों को बंद कर एनटीपीसी सीपत और तखतपुर के सीएससी को नया केंद्र बनाया गया है। शासन के निर्देश के अनुसार ही नए सेंटर ब?ाए जाएंगे फिरहाल सोमवार को 6 सेंटरों में ही कोरोना की वैक्सीन हेल्थ वर्करो को लगाई जाएगी।

**टारगेट पूरा नहीं हो रही इसलिए वैक्सीन की दूसरी खेप नहीं मिल रही-** जिले में शनिवार, सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार कुल पांच दिन तक ही वैक्सीनेशन हुआ है। इसमें 1929 लोगों को वैक्सीन लगाए जा चुके हैं। जबकि 2738 लोगों को लगाने का लक्ष्य रखा गया था। वैक्सीनेशन लगवाने के लिए 2241 लोग पहुंचे, 497 लोग पहुंचे ही नहीं। जो लोग वैक्सीनेशन के लिए पहुंचे थे उनमें से 312 लोगों को किसी न किसी वजह से वैक्सीन नहीं लगवाया टारगेट पूरा नहीं होने के ही कारण पुणे से रायपुर दूसरी खेप वैक्सीन के आने के बाद भी बिलासपुर को नहीं दी गई वहीं अधिकारियों का कहना है कि रायपुर वाले खुद बुलाते है अभी अन्य जिलों को भी वितरण नहीं किया गया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे उमेश पटेल

**बिलासपुर ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड ग्राउन्ड में आयोजित मुख्य समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार एवं उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, जनशक्ति योजना विभाग के मंत्री उमेश पटेल ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 26 जनवरी को प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, प्रातः 9.02 बजे राष्ट्गान, प्रातः 9.05 बजे पुलिस एवं नगर सेना द्वारा राष्ट्र ध्वज की सलामी, प्रातः 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन एवं उद्बोधन तथा प्रातः 9.35 बजे कोरोना वारियर्स को प्रशस्ति पत्र वितरण किया जायेगा।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 28 को

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 28 जनवरी 2021 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई हैं। बैठक में कृषि विभाग, पशु पालन विभाग, विद्युत विभाग, मत्स्य विभाग सिंचाई विभाग केडा विभाग, बीज निगम, उद्यानिकी विभाग एवं नर्सरी के अंतर्गत चल रहे कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक जानकारी पर समीक्षा एवं सभी विभागों के योजनाओं एवं कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति जानकारी एवं समीक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कोरोना एवं वर्तमान बीमारी विषय पर जानकारी एवं चर्चा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अंतर्गत क्या-क्या कार्य वर्तमान में संचालित है। भौतिक एवं वित्तीय स्थिति क्या है। जिला एवं ब्लाक के नवीन सेट अप की जानकारी एवं कहां-कहां कौन सी योजना संचालित है। भौतिक वित्तीय स्थिति विस्तारपूर्वक जिला एवं जनपद पंचायत वार जानकारी एवं समीक्षा, जिले में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत में लंबित समस्त प्रकरण की स्थिति एवं की गई कार्यवाही की जानकारी एवं समीक्षा, वन विभाग द्वारा किए गए कार्य की वृक्षारोपण एवं अन्य निर्माणकी विकासखण्डवार जिलेवार जानकारी एवं समीक्षा, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत चल रहे समस्त निर्माण कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा, धान खरीदी के अंतर्गत सहकारिता विभाग एवं राजस्व विभाग की जानकारी एवं समीक्षा, खाद्य विभाग अंतर्गत राशन कार्ड की स्थिति एवं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी एवं समीक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर अंतर्गत चल रहे समस्त कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा, महिला बाल विकास विभाग जिला एवं विकासखण्ड वार किए जा रहे कार्यों की वित्तीय जानकारी एवं समीक्षा, गौठान निर्माण एवं नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी एवं गोधन न्याय योजना को गति देने के संबंध में एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बास्तानार में दी 156 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## मुख्यमंत्री ने बस्तर जिले में संचालित 51 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 25 एवं 26 जनवरी को बस्तर जिला प्रवास के दौरान बास्तानार में लगभग 156 करोड़ 46 लाख रूपए के कुल 51 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री बघेल ने 25 जनवरी को बड़े किलेपाल में आयोजित आमसभा में लगभग 44 करोड़ 52 लाख रुपए के 10 विकास कार्यों का लोकार्पण और लगभग 111 करोड़ 93 लाख रुपए के 41 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

मुख्यमंत्री बघेल बड़ किलेपाल में आयोजित आमसभा के दौरान लगभग 7 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से बास्तानार में निर्मित 250 सीटर आदिवासी बालक छात्रावास और इतनी ही लागत की बालिका छात्रावास, मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में लगभग 8 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से निर्मित ऑडिटोरियम, लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत के मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में ट्रामा सेंटर का फेज-1 कार्य लगभग, 1 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से बकावंड में निर्मित 50 सीटर आदिवासी कन्या छात्रावास, लगभग 5 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से 90 गांवों में पेजयल के लिए सोलर ड्यूल पंप, 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से 55 गांवों में हाई मास्ट की स्थापना, लगभग 1 करो? 99 लाख रुपए की लागत के डिमरापाल जगदलपुर में ट्रांजिट हॉस्टल और लगभग 1 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत के नानगुर में निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया।

इसके साथ ही पाहुरबेल से उड़ियापाल तक लगभग 2 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से निर्मित 6 किलोमीटर लंबी सड़क, पाथरी से छिनारी तक लगभग 2 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से निर्मित 4 किलोमीटर लंबी सड़क, मारीगुड़ा से मैलबेड़ा तक लगभग 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से निर्मित 5.70 किलोमीटर लंबी सड़क, बड़े आरापुर से मटकोट तक लगभग 4 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित 4 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 5 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से निर्मित 5 किलोमीटर लंबी मंडवा मार्ग, बोरपदर से बेलपुटी तक लगभग 4 करोड़ 30 लाख रुपए के लागत की 9.10 किलोमीटर लंबी स?क, करपावंड से बेलपुटी तक लगभग 5 करोड़ 83 लाख रुपए के लागत की 12.10 किलोमीटर लंबी सड़क, करीतगांव से सरगीपाल तक लगभग 2 करोड़ 41 लाख रुपए के लागत की 8.70 किलोमीटर लंबी सड़क, गारेंगा से चारगांव तक लगभग 14 करोड़ 94 लाख रुपए के लागत की 24 किलोमीटर लंबी सड़क, बास्तानार से डब्बापारा तक लगभग 15 करोड़ 97 लाख रुपए के लागत की 24.60 किलोमीटर लंबी सड़क, उलनार से छोटे बाड़म तक लगभग 3 करोड़ 51 लाख रुपए के लागत की 11.4 किलोमीटर लंबी सड़क, सरगीपाल से नानगुर तक लगभग 5 करोड़ 55 लाख रुपए के लागत की 16.80 किलोमीटर लंबी सड़क, धाराउर से मेंदरी तक लगभग 1 करो? 93 लाख रुपए के लागत की 9.56 किलोमीटर लंबी सड़क, नियानार से मावलीपदर तक लगभग 12 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत के 12.80 किलोमीटर लंबी सड़क, उरमीगुड़ा से टेकामेटा तक लगभग 4 करोड़ 15 लाख रुपए के लागत की 9.40 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य, लगभग 1 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से राष्टीय राजमार्ग से मारीगुड़ापारा बालेंगा तक निर्मित 2.42 किलोमीटर लंबी सड़क और राष्टीय राजमार्ग से मुंडागुड़ा तक निर्मित 10.38 किलोमीटर लंबी सड़क का जीर्णोद्धार, लगभग 1 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से माड़पाल से उपनपाल तक निर्मित 5.20 किलोमीटर लंबी सड़क और गरावंड से माड़पाल तक निर्मित 6.40 किलोमीटर लंबी सड़क का जीर्णोद्धार, उलनार-बजावंड मार्ग में लगभग 59 लाख रुपए की लागत से पुल, नगरनार, सरगीपाल, छापर भानपुरी, सिरिसगुड़ा, कोड़ेनार, बडांजी, बस्तर, लामकेर, रेटावंड, टलनार, सोनारपाल और बजावंड में लगभग 26.50-26.50 लाख रुपए की लागत से धान उपार्जन केन्द्रों में 500-500 मैट्रिक टन क्षमता का गोदाम और चबुतरा निर्माण, लगभग 2 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से बुरुंगपाल तालाब का जीर्णोद्धार, लगभग 2 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से तुर्रेमरका जलाशय का जीर्णोद्धार, लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से देवड़ा जलाशय में मरम्मत एवं सीसी लाईनिंग, लगभग 1 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से भोंड जलाशय में मरम्मत एवं सीसी लाईनिंग, लगभग 40 लाख रुपए से धुरगुड़ा में स्टाप डेम निर्माण कार्य, 97 लाख रुपए की लागत से भाटपाल में स्टाप डेम के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर सांसद दीपक बैज, बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, मछुवा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, विधायक राजमन बेंजाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र,आईजी पी सुंदरराज, मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, कलेक्टर रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री का बड़े किलेपाल में किया गया आत्मीय स्वागत



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान सोमवार को बड़े किलेपाल पहुंचे बड़े किलेपाल में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, राज्य हस्त शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, विधायक राजमन बेजाम, कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, कलेक्टर रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर अदिवासी मांदरी नृत्य दल के कलाकारों ने मंदार के सुमधुर धुन के साथ मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय अभिभावकों के साथ, ऑनलाइन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में परियोजना विजयी के सहयोग से रुम टू रीड की,को-आर्डिनेटर अंजली ब्रम्हे के मार्गदर्शन में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बलौदाबाजार के अधीक्षिका लक्ष्मी काठरेव शिक्षिकाओं के द्वारा बालिकाओं, अभिभावकों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसम अपनीं बेटी की शिक्षा के प्रति उनके पालक के मन में उत्साह व शिक्षा पूरी कराने का प्रण देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर सुकन्या, अंशु की माता रामायण ने कहाकि, मैं और मेरे बेटियों के पिता हमेशा उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आये इसका भरपूर प्रयास करतें हैं और आगे हमारे बच्चीयों के पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आये,इसका पूरा प्रयास करेंगे, हम पूरी तरह अपने बच्चों के प्रतिजागरुक हैं। रामायण ने सबके लिए कविता सुनानें के साथ शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया । नैंना कोठारी, सुकन्या, अंशु ने कविता ,संजना,अंशु, सुकन्या, साक्षी ,कविता, रोशनी ने पेंटिंग बनाकर कार्यक्रम में भाग लिया।

विद्यालय की अधीक्षिका लक्ष्मी काठरे व शिक्षिका मीना सिरमौर, रेणुका भारती ने बालिकाओं को शुभकामना संदेश में कहा कि, 24 जनवरी1966 को इंदिरा गांधी ने,भारत के प्रथम महिला प्रधानमंत्री के रुप में कार्य भार संभाला था इसलिए इस दिन को राष्ट्रीय महिलादिवस के रुप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक बनाना, बालिकाओं द्वारा समाज में असमानताओं को सामने लाना और उनके प्रति जागरुकता फैलाना, जिससे समाज के दृष्टिकोण में बदलाव लाया जा सके। इस भेदभाव को दूर करने के लिए कई अभियान जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि पहल की जाती रही है। आप सब घर में सुरक्षित रहकर अपनीं पढ़ाई पूरी करें व अपना लक्ष्य प्राप्त करें। कोई भी समस्या होने पर विद्यालय की शिक्षिकाओं से संपर्क कर उसका निदान अवश्य करायें। कार्यक्रम को सफल बनाने में रुम टू रीड की को-आर्डिनेटर अंजली ब्रम्हे, विद्यालय की अधीक्षिका लक्ष्मी काठरे ,शिक्षिका मीना सिरमौर, रेणुका भारती , बालिकाएं सुकन्या, अंशु, साक्षी,नैना, दिव्या, कविता , ज्योति सबका सराहनीय योगदान रहा।

# दंतेश्वरी माई का मड़ई 25 फरवरी को

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी/बेलगांव
www.dailypioneer.com

ग्राम बेलरगांव के दंतेश्वरी मंदिर के प्रागंण मैं कृषि एवं ग्राम विकास समिति व देव समिति के पदाधिकारियों के द्वारा मड़ई मंला के सबंध में रविवार को दस बजे बैठक आयोजिंत किया गया । जिसमें बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्रति वर्ष लगने वाले दंतेश्वरी माई का मड़ई 25 फरवरी दिन गुरुवार को किया जाना है। जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए बेलरगांव के शितलापारा में रात्रिकालीन राज्य स्तरीय बूगी बूगी डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।जिसमें बैठक में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शशिभूषण भारती,ग्राम समिति संरक्षक एवं ब्लाक काग्रेंस कमेटी अध्यक्ष कैलाशनाथ प्रजापति, ग्राम पटेल डोमारसिंह पटेल, सरक्षंक सुरेश देवागंन, अनिल साहू, खिरभान सिंह पवार, अशकरण पटेल,सुरेश कोर्राम, मौर्यध्वज सेन,नारद साहू, खेदू देवागंन,, प्रदीप कौर,देवनाथ साहू,सुरेश कोटवार, माधव कोटवार, यशवंत निर्मलकर सहित ग्रामवासी बैठक में शामिंल हुए।

समस्या निवारण शिविर जन चौपाल कार्यक्रम ग्राम परसिया में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक सम्माननीय डॉ लक्ष्मी ध्रुव सभापति जनपद पंचायत नगरी मनु लाल यादव जिला पंचायत सभापति मीना बंजारे जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम उपाध्यक्ष सुमित निंजा सरपंच ग्राम पंचायत खरसिया गोरेगांव अमाली संबलपुर छिपली मो दे बोरदा बोथली भैंसा मुड़ा सहित सभी 9 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्राम ऑफिस से अपनी अपनी समस्याओं को लेकर इस जन चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित हुए कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जनपद पंचायत नगरी के सभापति मनु लाल यादव ने दीप जलाकर एवं महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सरपंच श्रीमती आरंभ उपसरपंच शिवदयाल साहू सरपंच राम जी राम एवं ग्राम पंचायत खरसिया के समस्त पंच अनुभाग अधिकारी कुर्रे कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी पीआर साहू सीपी साहू ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के बाद जन चौपाल कार्यक्रम प्रारंभ किया गया इस अवसर पर कुल 612 आवेदन प्राप्त हुए निराकृत आवेदन तत्काल निराकृत किया गया एवं संबंधित विभागीय मामले को विभाग को सौंप दिया गया इसकी निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम सदस्यगण उपस्थित रहे सभी विभाग के द्वारा अपने अपने स्टाल लगाकर निराकृत करने के लिए एवं जवाब दें देने के लिए समस्त अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे यहां पर डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहीं की जितने भी आवेदन यहां प्रस्तुत किए गए हैं उनका समुचित निराकरण कर कर मुझे उसकी जानकारी प्रदान करें वह जब भी कोई ऐसा शिविर हो तो पूर्व में हमें अवगत कराएं जिससे हमारे पास भी बहुत सारे प्रकरणों का निपटारा इस शिविर के माध्यम से हो और यहां पर यह भी दिशा निर्देश दिया गया की ऐसे कार्यक्रमों के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो ताकि लोगों को कलेक्टर ऑफिस विधायक कार्यालय व एसडीएम ऑफिस घूमने का जरूरत ना हो खर्चा ना हो इसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित है इस जन भावनाओं को देखते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों से निर्देशित किया कि ऐसे कार्यक्रमों को अधिक से अधिक लोगों तक जन जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम सबका जिम्मेदारी हो।

# भागवत कथा वह है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप स्वतः हो जाते हैं समाप्त : आरती दीदी

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी
www.dailypioneer.com

पोमाक्ष के प्रथम जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाजार चौक, नवागांव (क) में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया। 16 वर्षिय भागवत कथा वाचक छ.ग. विभुति, बाल विदुषी आरती दीदी व समस्या निवारण ज्ञान यज्ञा कर्म,10 वर्षिय ज्योति दीदी ने श्रध्लुओ को भागवत कथा का रसपान कराया। बाल विदुषी आरती दीदी ने श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कहा की श्रीमद् भागवत कथा के वाचन व श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। संसार के दुखों से मुक्ति मिलती है व ईश्वर प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

भागवताचार्य आरती दीदी ने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके श्रवण मात्र से भय, भूख सब कुछ स्वताः ही नष्ट हो जाता है। अतः व्यक्ति को अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यान पूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। नगरी निवासी, पंडित देवव्रत शास्त्री की सुपुत्रि बाल विदुषी आरती दीदी 9 वर्ष के आयु से ही भागवत प्रवचन करती आ रही है, उन्होंने अब तक 56 स्थानों पर भागवत प्रवचन पाठ पूर्ण किया है। उनकी दूसरी 10 वर्षीय सुपुत्री ज्योति दीदी, समस्या निवारण यज्ञ कर्म ,5 वर्ष की आयु से ही करती आ रही हैं।

बाजार चौक नवागाव गांव (का) निवासी यशवंत सिन्हा के सुपुत्र पोमाक्ष के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर आयोजित,भागवत प्रवचन कार्यक्रम में प्रथम दिवस कलश प्रतिष्ठा, उद्देश्य एवं महात्म्य, गोकर्ण कथा, परिक्षित जन्म एवं चरित्र, वाराह अवतार कथा। द्वितिय दिन कपील भगवान जन्म ,ध्रुव चरित्र ,भगवान नरसिंह का प्राकट्य। तृतिय दिवस जड़ भरत, प्रहलाद चरित्र ,भगवान नरसिंह का प्राकट्य। चौथे दिवस समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री राम जन्मोत्सव कथा ,श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा पोमाक्ष सिन्हा जन्मोत्सव कार्यक्रम। पंचम दिवस श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह।

षष्टम दिवस प्रद्युम्य जन्म, जामवंती सत्यभामा विवाह, सुदामा चरित्र कथा एवमं अन्तिम दिवस परिक्षित मोक्ष कथा, तुलसी वर्षा ,श्रीमद भगवत गीता सार का कथावाचन किया गया साथ ही ज्योति दीदी ने समस्या निवारण यज्ञ, हवन किया। सआयोजन में संतराम सिंहा, यशवंत सिंहा, श्रीमती कला बाई, श्रीमती अंकिता सिंहा व समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## छपली के खेल मैदान के पास खुलेआम अवैध कटाई

**नगरी।** कभी तेंदुए तो कभी हाथियो की दहशत मे लगातार सुर्खियों मे रहे छिपली सम्बलपुर गांव आज खुलेआम कीमती साल के बड़े बड़े झाड़ो को काटकर सप्लाई मे लगे है हमारे टीम अभी अभी छिपली के जंगल मे हाथियो की स्थिति जानने के लिए मैदान तक ही पहुंचे थे लकड़ी तस्कर भागने लगे माजरा तब समझ आया कि वो लोग हाथियो को नही बल्कि हमारी टीम को देखकर भगे पहूचकर देखा तो गांव से लगे मैदान के पास ही खुलेआम कटाई हो रहा है।

# नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल वार्ड क्र 18 में मुख्य सड़क से मदाड़ी जाने वाले सी सी सक के निर्माण हेतु नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने भूमिपूजन किया।जिसे 7 लाख 14 की लागत राशि से 193 मीटर सी सी सड़क बनाई जाएगी। इस भूमिपूजन के दौरान पार्षद राजू कुंजाम, राजस्व विभाग से डी एस साहू,गौरीशंकर तिवारी,डी के पात्रों, जॉय वर्गीस उपस्थित थे।

## 1 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई

# डॉक्टर चिन्मय पंड्या के सुकमा प्रवास की तैयारी में जुटा गायत्री परिवार

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com





गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख डॉक्टर चिन्मय पंड्या का सुकमा में एक दिवसीय प्रवास कार्यकम तय हुआ है जिसकी तैयारी को लेकर गायत्री परिवार जुट गया है। आगामी 1 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें जिलेभर के गायत्री परिवार व भक्तजन जुटेंगे। सोमवार को जिला मुख्यालय स्थिति गायत्री मंदिर में ट्रस्ट व समिति प्रमुख व सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें आगामी 1 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तय की गई। इस कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख डॉक्टर चिन्मय पंड्या का आगमन होगा। करीब 11 व 12 के बीच दंतेवाड़ा से उनका आगमन होगा जिसके बाद बस स्टैंड पर भव्य स्वागत होगा। उसके बाद मंदिर में शक्तिपीठ के दर्शन करने के बाद कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें डॉक्टर चिन्मय पंड्या गायत्री परिवार व धार्मिक गतिविधियों पर अपनी बातें रखेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर गायत्री परिवार के सदस्य व पदाधिकारी तैयारी में जुट गए है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, मनोज देव, राजू साहू, आई एल स्वामी रमेश राठी, आयताराम मौजूद रहे।

**डॉक्टर की सेवा त्याग कर दे रहे अपनी सेवा :** डॉक्टर चिन्मय पंड्या जो कि ब्रिटेन में डॉक्टर के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे लेकिन अपनी सेवा त्याग कर मातृभूमि सेवा के भाव से पुनः देश मे लोटे। 2010 से लगातार देव संस्कृति विश्वविद्यालय में प्रतिकुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई नामी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे है। वर्तमान में डॉक्टर चिन्मय पंड्या अध्यात्म के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर नोबेल पुरस्कार के समकक्ष टेम्पलटन पुरुस्कार की ज्यूरी के सदस्य भी है।

## चयन परीक्षा के लिए आवेदन 19 फरवरी तक आमंत्रित

**धमतरी।** जवाहर आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2021-22 के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आगामी 07 मार्च को आयोजित की जाएगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थी आगामी 19 फरवरी तक संबंधित स्कूल में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। सहायक आयुक्त , आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऐसे विद्यार्थी पात्र होंगे, जो कक्षा पांचवीं में नियमित अध्ययनरत और कक्षा चैथी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अथवा समकक्ष ग्रेड प्राप्त किए हों और उनके पालक की वार्षिक आय ढाई लाख रूपए से अधिक नहीं हो। साथ ही वे ग्रामीण क्षेत्र अर्थात् ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित स्कूलों में अध्ययनरत हो। आवेदन पत्र के साथ कक्षा चैथी की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, पालक का आयकरदाता नहीं होने संबंधी प्रमाण पत्र तथा संस्था का ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने का प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
परियोजना अधिकारी
एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं समस्त स्टाफ लोरमी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
मुकेश दुबे
प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम
एवं समस्त स्टाफ मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
देवेन्द्र जांगड़े
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला अंतः व्यवसायी एवं समस्त स्टाफ मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
डॉ.आर.के. भूआर्य
सिविल सर्जन, मुंगेली
एवं समस्त स्टाफ, जिला अस्पताल, मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
राजेन्द्र कश्यप
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं समस्त स्टाफ मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
पी.के.शर्मा
मुख्य कार्यपालन अभियंता
एवं समस्त स्टाफ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
डॉ.जी.एस.दाऊ
ब्लाक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
लोरमी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
संजीव बृजपुरिया
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
श्री वेदराम लहरे
सहायक आयुक्त-आबकारी
एवं स्टाफ
मुंगेली (छत्तीसगढ़)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
Happy
Republic Day
जिला खाद्य अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
मुख्य कार्यपालन अभियंता
एवं समस्त स्टाफ मुंगेली
लोक निर्माण विभाग, मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
श्री टिकेन्द्र राठौर
जिला विपणन अधिकारी
एवं स्टाफ
छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कारपो.संघ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
डॉ. आई.पी.यादव
प्राचार्य एवं शाला परिवार
स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय
दाऊ पारा मुंगेली, छ.ग. शासन का निशुल्क उत्कृष्ठ विद्यालय

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
श्री उत्तम कुमार कौशिक
सहायक पंजीयक
सहकारिता संस्थायें, मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....

वनमण्डलाधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
डॉ.महादेव तेंदवे
मुख्य चिकित्सा
एवं स्वास्थ्य अधिकारी
मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
सलीम खान
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
मनिहारी, जल संसाधन विभाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
उप कृषि उपज मंडी
एवं समस्त स्टाफ
मुंगेली (छत्तीसगढ़)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
परियोजना अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ-पथरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
डॉ.ए.के. मरकाम
उपसंचालक-पशु चिकित्सा सेवायें

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समस्त स्टाफ, लोरमी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
Happy
Republic Day
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ पथरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
डी.के.व्यवहार
उप संचालक
कृषि विभाग एवं समस्त स्टाफ, मुंगेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें....
अमर जवान
रामबीर सिंह तोमर
सहायक संचालक
एवं स्टाफ
उद्यान विभाग-मुंगेली (छत्तीसगढ़)


संकलनकर्ता - नवनीत शुक्ला, ब्यूरोचीफ - मुंगेली, मोबाइल - 74895-62434

# 4 सौ 65 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस विभाग ने बनाया रिकॉर्ड**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस विभाग में अनुकंपा के लिए लटकती फाइलें अब इस रफ्तार से चलने लगी है कि इसने 20 सालों में बनने वाली पेंडेंसी के रिकार्ड को ही बदलकर रख दिया है। आलम अब कुछ इस तरह का है कि 465 केस में झूलती फाइलों की पेंडेंसी शून्य रह गई है। अलबत्ता पिछले दो साल के अंदर में प्रकरणों का इस रफ्तार से निराकरण हुआ है कि मायूस परिवारों को हाथों हाथ नौकरी मिलने से चेहरों पर मुस्कान लौटी है। एक ताजे मामले में जीआरपी में पदस्थ एक जवान की मौत हो जाने के बाद पत्नी को हाथों हाथ उसी दिन नौकरी मिली जिस दिन उसका आवेदन पीएचक्यू पहुंचा। डीजीपी डीएम अवस्थी के पास प्रकरण आते ही तुरंत निपटारा करते हुए हाथ में आदेश की कॉपी देने आदेश जारी हुए। महिला के पति की मौत कोविड काल के दौरान हुई। पहले कोरोना संक्रमण के बाद पति ने कई दिनों तक अस्पताल में संघर्ष किया। जब वे घर लौटे कि हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। घटनाक्रम के बीच पत्नी गर्भ से थी। पति के गुजर जाने के एक माह बाद बच्चे ने जन्म लिया। एक माह के बच्चे के संग पहुंची महिला ने मिन्नत की और तुरंत डीजीपी ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आर्डर जारी कर दिया। देखा जाए तो अनुकंपा नियुक्ति देने के मामले में पुलिस मुख्यालय आज की स्थिति में अन्य विभागों के लिये मिसाल बनता दिख रहा है।

राज्य बनने के बाद मुख्यालय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति का एक भी प्रकरण अकारण लंबित नहीं है। विगत दो वर्षों की बात करें तो अब तक 4 सौ 65 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गयी है। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। राज्य के बनने के बाद से अब तक इतनी बड़ी संख्या में अनुकंपा नियुक्तियां प्रदान नहीं की गयीं हैं। मुख्यमंत्री भूपेश के स्पष्ट निर्देश हैं कि पुलिस परिजनों के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी सभी समस्याओं का निराकरण किया जाये। संकट से जूझते परिवार को राहत पुलिस परिवार के घर में खुशियां आने वाली थीं कि दुख का पहाड़ टूट पड़ा। रायपुर जीआरपी में तैनात पुलिस जवान को सितंबर में कोरोना हुआ, अस्पताल से ठीक होकर घर भी आ गए। लेकिन अगले ही दिन दिल का दौरा पडने़ से निधन हो गया। इस दौरान उनकी पत्नी नेहा त्रिपाठी गर्भवती थीं । अगले माह बेटे ने जन्म लिया। जिस कारण उस समय आवेदन नहीं कर पायीं। नेहा 20 जनवरी को पुलिस मुख्यालय पहुंची। तुरंत अनुकंपा मिलने से परेशान दूर हुई।

अनुकंपा आदेश डीजीपी अवस्थी ने अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए संबंधित शाखा में सख्त निर्देश दिये हैं कि सभी प्रकरणों को संवेदनशीलता से निराकृत करें। प्रत्येक शुक्रवार को खुशियों का शुक्रवार नाम से कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें डीजीपी पुलिस परिजनों से मुलाकात कर समस्याओं का निराकरण करते हैं। इस कार्यक्रम में भी अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाता है।

> परिवार के साथ जरूरतमंद परिवारों को अब नौकरी के लिए यहां-वहां नहीं भटकना पड़ेगा। अनुकंपा के मामले में त्वरित निराकरण किया जाएगा। हर हफ्ते सुनवाई के लिए अब अलग से इंतजाम किए हैं।
> **- डीएम अवस्थी, डीजीपी छत्तीसगढ़**

# 240 स्कूलों के संचालकों ने भेजी जानकारी, मान्यता बहाल कराने कर रहे हैं जद्दोजहद




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा 240 निजी स्कूलों की मान्यता रद्द किए जाने के बाद अब सभी स्कूल अपनी मान्यता बहाल कराने जद्दोजहद में जुट गए हैं। जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई थी, उन सभी स्कूलों ने तीन दिनों के भीतर ही अपने स्कूल, फीस स्ट्रक्चर और समिति से संबंधित सभी जानकारियां सौंप दी हैं। जानकारी देने के बाद मान्यता बहाल करने के लिए सभी ने जिला शिक्षा कार्यालय को खत लिखा है। इस पर अभी फैसला नहीं लिया ला सका है। इन आवेदनों और जानकारी की जांच करने के बाद ही मान्यता बहाल की जाएगी। गौरतलब कि फीस नियामत समिति गठित नहीं होने के कारण जिले के 240 निजी स्कूलों की मान्यता बीते सप्ताह समाप्त कर दी गई थी। इसमें कई बड़े और नामचीन स्कूल भी शामिल थे। सख्ती बरते जाने के बाद निजी स्कूलों ने तीन दिनों का वक्त समिति गठित करने के लिए मांगा था। 150 स्कूलों ने अगले दिन ही समिति गठित कर जानकारी सौंप दी थी। जबकि शेष स्कूलों द्वारा कुछ दिनों के बाद प्रक्रिया पूरी कर समिति की जानकारी दी गई है।

132 प्राचार्यों के आवेदन फरवरी माह से लेकर आगामी आदेश तक रोके गए हैं। इन प्राचार्यों को अपने क्षेत्र के निजी स्कूलों का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। अपने क्षेत्र में आने वाले निजी स्कूलों में फीस नियामक समिति गठित नहीं करवाए जाने के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी। सभी 132 प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अपने आवेदन में प्राचार्यों ने निजी स्कूलों द्वारा सहयोग न किए जाने, फोन नहीं उठाने सहित कई कारण समिति गठित न हो पाने के पीछे बताए थे। इन आवेदनों की भी अब जांच की जाएगी। कारण सही पाए जाने और प्राचार्य द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद वेतन भी दोबारा चालू किए जाएंगे। मिले हैं आवेदन जिनकी मान्यता रद्द हुई थी, उन सभी स्कूलों ने आवेदन दे दिए हैं।

> समिति गठित करने की जानकारी भी उन्होंने दी है। इनकी जांच करने के बाद ही मान्यता बहाल करेंगे।
> **- जीआर चंद्राकर,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

# फायरमेन ने एक ही रात में फूंके 7 वाहन, कैमरे ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्टेशन रोड स्थित नर्मदापारा कॉलोनी में एक साथ सात वाहनों में आग लगाने वाले फायरमैन का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। शातिर फायरमैन को पुलिस ने धर-दबोचा। आरोपी हाथ में पेट्रोल लेकर कॉलोनी में घूम-घूमकर कर वाहनों में आग लगाकर फरार हो जाता था। शुक्रवार आधी रात के बाद घंटेभर में करीब सात वाहनों में उसने आग लगा दी थी। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में उसकी हरकत कैद हो गई थी। पुलिस ने कैमरे से मिली तस्वीरों के आधार पर उसकी पहचान कर गिरफ्तार किया है। टीआई गंज विजय कुमार यादव ने बताया कि आरोपी नर्मदापारा निवासी ललित नायडू को गिरफ्तार किया है। उसने कॉलोनी में दो कार, एक जीप और चार बाइक में आग लगा दी थी, जिससे वह जलकर खाक हो गए। वह मानसिक विक्षिप्त की तरह हरकत कर रहा है। उसकी मेडिकल जांच कराई गई है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ललित नायडू वाहनों में आगजनी करने का आदी है। वह पहले भी नर्मदापारा कॉलोनी में खड़ी गाड़ियों में आग लगा चुका है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पहली बार वह कैमरे की मदद से पकड़ा गया है। आग की चपेट में आया मकान मनमोहन के मुताबिक अपनी जीप हमेशा अपने घर के दरवाजे के पास खड़ी रखता है। शुक्रवार रात भी जीप बाहर खड़ी की थी। आधी रात पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया। बाहर निकलने पर देखा कि जीप जल रही है। सीट और बोनट के अंदर आग फैल चुकी थी। आग की लपटों से पड़ोसी अश्वनी जंघेल के मकान का एक हिस्सा भी जल गया। लकड़ी और खप्पर वाला मकान भी आग की चपेट में आ गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक नर्मदापारा निवासी मनमोहन की कार, रविंद्र कुमार की टाटा इंडिगो कार, दीपिका नायडू की स्कूटी और सुमन ऑटो सेंटर के पास तीन बाइक रखी थीं। सभी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी थीं। रात करीब 2 बजे अचानक गाड़ियों में आग लग गई। आग की लपटें देख कॉलोनीवासियों की नींद खुली। सभी हड़बड़ा कर बाहर भागकर निकले। जहां गाड़ियां धू-धू कर जल रही थीं। आनन-फानन में फायर ब्रिगेड का सूचना दी गई। मौके पर दमकल की गाड़ियां और फायरमैन पहुंचे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके। आग लगने से कुछ गाड़ियां पूरी तरह से खाक हो गईं, जबकि कुछ का आधा हिस्सा जल गया। पुलिस के मुताबिक आगजनी के बाद मोहल्ले के मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

# बस्तर सांसद दीपक बैज ने कहा आरएसएस नक्सलियों से भी ज्यादा खतरनाक

■ सीएम बोले- संघ समर्थक पैर छूकर मार देते हैं गोली

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर सांसद दीपक बैज के द्वारा आरएसएस के खिलाफ दिए बयान के बाद सीएम भूपेश बघेल ने भी संघ पर तीखा हमला किया है. बस्तर सांसद दीपक बैज ने बीते रविवार को कहा कि पुल सड़क और कैंप खोले जाने के विरोध के पीछे भाजपा और आरएसएस का हाथ है. बीजेपी की कई शाखाएं हैं. जिसमें से एक आरएसएस ऐसी शाखा है जो नक्सलियों से भी ज्यादा खतरनाक है. (हालाँकि आपको बता दें कि आरएसएस भाजपा का कोई शाखा नहीं है बल्कि भारतीय जनता पार्टी का मातृ संगठन आरएसएस है.) बस्तर सांसद दीपक बैज के इस कड़े बयान के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे पता नहीं कि बस्तर सांसद दीपक बैज ने किस आधार में यह बयान दिया है, लेकिन आरएसएस के जो समर्थक हैं वह पैर छूकर गोली मार देते हैं।

महात्मा गांधी की हत्या कैसे किए थे? पहले पैर छुए फिर उनके सीने में गोली मारी तो यदि उनके संदर्भ में कह रहें हैं तो निश्चित रूप से खतरनाक है. भाजपा किस तरह से झूठ फैलाती है. इन लोगों ने 1 दिन में पूरे हिंदुस्तान के गरीब ब्राह्मणों को दूध पिला दिया. यह लोग झूठ फैलाने में माहिर हैं. पूरे देश में अफवाह के कारण से यह स्थिति निर्मित हुई थी. ऋस्स में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आरएसएस कार्यकर्ता नागपुर के बंधुआ मजदूर हैं. बिसराराम जी छत्तीसगढ़ के स्थानीय व्यक्ति थे. छत्तीसगढ़िया व्यक्ति को हटा कर नागपुर से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी दी गई. छत्तीसगढ़ के लोग ऋस्स में अफवाह फैलाने के माध्यम बनकर रह गए। मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि अभी मंत्रिमंडल में फेरबदल की कोई संभावना नहीं. हम सभी सामूहिक जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं। इस संबंध में आलाकमान के आदेश पर काम करेंगे. छग के नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी पर सीएम बघेल ने कहा कि हम लोग पार्टी के कार्यकर्ता है. हमें लगातार अवसर दिया जाता रहा है. छत्तीसगढ़ के नेताओं को राष्ट्रीय राजनीति में प्रतिनिधित्व मिलता रहा है. एटीएम को लेकर भाजपा अपना अनुभव बता रही है।

# श्रीअय्यप्पा मंदिर में श्री धर्मशास्था पूजा महोत्सव का आयोजन 30 तक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





श्री अय्यप्पा सेवा संघमए टाटीबंध द्वारा श्री अय्यप्पा मंदिरए रिंग रोड नं.2, में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी से 30 जनवरी 2021 तक श्री धर्म शास्था पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री अय्यप्पा सेवा संघम् के अध्यक्ष श्री विनोद पिल्लई ने बताया कि इस पूजा महोत्सव की विभिन्न धार्मिक क्रियाओं को सम्पन्न करवाने केरल के सुप्रसिद्ध तीर्थ श्री शबरीमाला मंदिर के पारंपरिक तंत्री ब्रह्मश्री कन्टारू मोहनारू तंत्री विशेष रूप से रायपुर पधारे हैं जो विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करवाएंगे। इस पूजा महोत्सव में आयोजित किये जाने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में पल्लि उणर्थु, निर्माल्यम् अभिषेकम्म, महागणपतिहोम, त्रिकाल पूजा, कलभाभिषेकम, पुष्पाभिषेकम, भागवत पारायणम, उषपूजा, पंच पुण्याहम् सहित संध्या काल में आचार्यवरणम, गोदानम,स्थलशुद्धि, दीपआराधना, ध्वजारोहणम, पडिपूजा के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

विनोद पिल्लई ने बताया कि 25 जनवरी से प्रारंभ होने वाला यह पूजा महोत्सव 30 जनवरी तक चलेगा। भगवान श्री अय्यप्पा के दर्शनों से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसलिए श्री अय्यप्पा सेवा संघम् ने समस्त भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर दर्शन लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## मंत्री अमरजीत भगत बालोद में करेंगे ध्वजारोहण

**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत 26 जनवरी को बालोद में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री भगत 25 जनवरी को शाम 4 बजे रायपुर से बालोद के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री भगत 26 जनवरी को सवेरे 8.45 बजे से बालोद के पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे और कोरोना वॉरियर्स का सम्मान एवं राज्य स्वच्छता पुरस्कार वितरण करेंगे। भगत सवेरे 9.50 बजे ग्राम खेरतराई में शहीद रमेश कुमार साहू की स्मारक में माल्यार्पण करेंगे। मंत्री भगत दोपहर 1.15 बजे बालोद से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# विद्युत कर्मियों ने लिया मतदाता दिवस पर शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मतदाता दिवस पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में एमडी टांसमिशन कार्यालय सहित अन्य कार्योलयों में लोकतत्र के प्रति आस्था बनाये रखने शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्याक्रम में पॉवर कंपनीज के अधिकारियों/कर्मचारियों ने मताधिकार का प्रयोग निष्पक्ष करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पॉवर टांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक कुमार ने शपथ पत्र का वाचन किया, जिसे अन्य उपस्थितजनों ने दोहराया।

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 25 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्युत कर्मियों ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी आस्था बनाये हुये स्वतंत्र निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर सभी निर्वाचनों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित नहीं होंगे।


**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं रमाकांत यादव उम्र 44 वर्ष पिता श्री रामदास यादव निवासी- एल.आई.जी. 742 सेक्टर-5 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू रायपुर छ.ग. मो. नं. 6261670038 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि:-

1/- यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं तथा दिनांक 30.11.2020 को समय लगभग 12 से 1.00 के बीच मैं अपने निवास स्थान से शहर की ओर आ रहा था तब सड्डू क्षेत्र में ही कहीं पर मेरा बेग खो गयी तथा मेरे बेग में मेरे स्वयं के हक स्वामित्व की भूमि का रजिस्ट्री पेपर भूमि फ्री होल्ड का तथा भूमि फ्री होल्ड होने का प्रमाण पत्र मकान निर्माण परिवर्तन परिवर्धन की एन.ओ.सी. नगर निगम संपत्ति कर रसीद की मूल प्रति जो मेरे बेग में रखी हुई थी खो गयी है।

2/- यह कि उक्त दस्तावेज ढूंढने पर उपलब्ध नहीं हुई मुझे उन दस्तावेजों की दूसरी प्रति की आवश्यकता है। जिसके लिये मैं यह शपथ पत्र पुलिस थाना में सूचना बाबत् एवं दस्तावेजों की दूसरी प्रति प्राप्त करने हेतु दे रहा हूं।

**शपथ कर्ता**

**सत्यापन-** मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका-1 से 2 तक में दी गयी संपूर्ण जानकारी मेरे ज्ञान में सही एवं सत्य है एवं आज दिनांक को स्थान रायपुर छग में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथ कर्ता**

स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक- 01/12/2020



**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम- **जुरगुम, प.ह.न.-07** के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागचन्द जैन पिता स्व. भंवरलाल जैन जाति-जैन निवासी ग्राम नगरपालिका रोड शिव मंदिर चौक जशपुर तहसील व जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जुरगुम स्थित भू-खण्ड क्रमांक 371/1 रकबा 2.185 हे. में से रकबा 5000 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5(5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जुरगुम स्थित भू-खण्ड क्रमांक 371/1 रकबा 2.185 हे. भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 10.02.2021 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5, रायपुर**
**ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)**
PH.NO. 0771-4045819, E-MAIL :rmczone5@gmail.com

**:: ईश्तिहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना ::**

**नामांतरण प्र.क्र. 326/2020-21**
**दिनांक 21.01.2021**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **ठाकुर प्यारेलाल वार्ड** वार्ड क्र. 40 स्थित भवन/RPR569I00450 जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती कमला बाई बारमेड़ा पति स्व. बृजलाल बारमेड़ा** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री चेतन बारमेड़ा आत्मज स्व. कांतिलाल बारमेड़ा** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5, रायपुर**
**ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)**
PH.NO. 0771-4045819, E-MAIL :rmczone5@gmail.com

**:: ईश्तिहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना ::**

**नामांतरण प्र.क्र. 325/2020-21**
**दिनांक 21.01.2021**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **ठाकुर प्यारेलाल वार्ड** वार्ड क्र. 43 स्थित भवन/भूमि 61/414-373 जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती (1) स्मिता यदु पिता स्व. कमलनारायण यदु (2) श्रीमती श्वेता यदु पिता स्व. कमलनारायण यदु** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती स्मिता यदु पिता स्व. कमलनारायण यदु** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**



**कार्यालय कलेक्टर अध्यक्ष, उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति बालोद**
**स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक/504/अंग्रेजी माध्यम शाला/जि.शि.अधि./2021 बालोद, दिनांक 25/01/2021

**-::संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन::-**

छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 23-08-2020/20-3/1 रायपुर दिनांक 03/07/2020 के अनुसार जिले में संचालित अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद के लिए स्वीकृत शैक्षिक पदों की पूर्ति संविदा नियुक्ति पर (निश्चित मासिक वेतन) की जानी है, जिसमें सहायक शिक्षक के 03 पद (02 अ.ज.जा. एवं 01 अनारक्षित) मासिक वेतन 25300/- देय होगा।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप तथा नियम-शर्तें बालोद जिले की वेबसाईट http//:balod.gov.in जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

अतः इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों एवं अर्हता के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 06.02.2021 दिन शनिवार सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद में प्रेषित कर सकते है।

**जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव**
**उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति बालोद**
**जिला-बालोद**

संवाद-27611/2



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

**-: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना :-**

क्रमांक/95/लो.नि.वि./न.पा./2021 बालोद, दिनांक 25/01/2021

निकाय हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से अध्यक्ष/पार्षद/एल्डरमेन/निकाय/अन्य मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क जमा/प्रदाय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर के विभिन्न वार्डों में सी.सी. कार्य (अध्यक्ष/पार्षद निधि) | 12.00 | 02.02.2021 सायं 5:00 बजे तक |
| 2 | नगर के विभिन्न वार्डों में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (अध्यक्ष/पार्षद निधि) | 12.00 | |
| 3 | जलप्रदाय के लिये संधारण/मरम्मत कार्य (सिविल कार्य सहित) | 10.00 | |
| 4 | तालाब गहरीकरण एवं सफाई कार्य | 10.00 | |
| 5 | नलकूप खनन (मोटर पम्प स्थापना सहित) | 05.00 | |
| 6 | सबमर्सिबल मोटर पम्प मरम्मत कार्य | 10.00 | |
| 7 | जलप्रदाय शाखा में लगने वाले सामाग्री क्रय | 10.00 | |
| 8 | ब्लीचिंग पाऊडर, कीटनाशक दवाई एवं रसायनिक खाद व अन्य सामाग्री | 05.00 | |
| 9 | विद्युत शाखा में लगने वाले सामाग्री क्रय | 05.00 | |
| 10 | स्टेशनरी सामाग्री/फ्लैक्स छपाई | 05.00 | |
| 11 | किराया सामाग्री (टेंट, कुर्सी, टेबल, साऊंड सिस्टम आदि) | 05.00 | |
| 12 | ट्रेक्टर ट्राली, टिप्परों की समय-समय पर मरम्मत | 05.00 | |

उपरोक्त कार्यों के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बालोद**

**नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।**




# नेताम हॉस्पिटल & इनफर्टीलिटी सेंटर

## की ओर से

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ.एम.एस. नेताम**
एम.बी.बी.एस., एम.एस
(स्त्री व प्रसुति रोग विशेषज्ञ)

**डॉ. ओ.पी.नाग**
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
(मेडीसिन विशेषज्ञ)



## नेताम हॉस्पिटल & इनफर्टीलिटी सेंटर

**डॉ.एम.एस. नेताम**
एम.बी.बी.एस., एम.एस
(स्त्री व प्रसुति रोग विशेषज्ञ)
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
इनफर्टीलिटी स्पेशिलिस्य
(पूर्ण मेडिकल आफिसर,
जिला अस्पताल कोण्डागांव)
(पूर्व मेडिकल आफिसर,
जिला अस्पताल (दंतेवाड़ा)
(पूर्व मेडिकल आफिसर,
वीर तेजा जी हॉस्पीटल, बाड़मेड़, राजस्थान)
सी.जी.एम.सी. 2346/2009

**डॉ. ओ.पी.नाग**
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
(मेडीसिन विशेषज्ञ)
एस.एम.एस. जयपुर (राजस्थान)
(पूर्व मेडिकल आफिसर,
जिला अस्पताल कोण्डागांव )
सी.जी.एम.सी. 5284/2014
मोबा. 9509643085

## सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल

- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जाँच
- बच्चेदानी का आपरेशन
- नार्मल, आपरेशन एवं दर्द रहित डिलवरी
- अण्डेदानी की जाँच एवं ईलाज
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- सफेद पानी (ल्यूकोरिया का ईलाज)
- हार्मोस का गड़बड़ी का ईलाज
- सोनोग्राफी द्वारा ट्यूब्स की जाँच
- दूरबीन के द्वारा बच्चेदानी, अण्डेदानी एवं ट्यूब्स की जाँच एवं उपचार
- गर्भाशय से संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज

- श्वाँस व दमा रोग का ईलाज
- ब्लड प्रेशर का ईलाज
- मधुमेह रोग (सुगर) का ईलाज
- हार्ट अटैक का ईलाज
- किडनी का ईलाज
- मिर्गी का ईलाज
- लकवा का ईलाज
- माइग्रेन (सिर दर्द) का ईलाज
- कमर दर्द, जोड़ों का दर्द का ईलाज
- उदर रोग का ईलाज
- चर्म रोग का ईलाज
- पेशाब में जलन का ईलाज
- सभी प्रकार के रोगों का ईलाज

## समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं








































संकलनकर्ता-शुभम सिंह राजपुत, ब्यूरोचीफ जांजगीर चांपा, मोबाइल-97139-71165

# अब तक 86 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी अभी धान खरीदी का एक हफ्ता शेष

## मुख्यमंत्री ने मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज्य के वार्षिक अधिवेशन में किया संबोधन









पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग के 75 वें वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर धमधा ब्लाक के ग्राम चेटुवा में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस सीजन में अब तक 86 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है जो अब तक का रिकॉर्ड है और अभी एक हफ्ते शेष है। इससे पहले लगभग 70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होती थी। हमारी नीतियों से किसान खेती की ओर वापस लौटा है चाहे धान खरीदी का समर्थन मूल्य हो या किसानों की कर्ज माफी हो या कृषि संबंधी सुधार हो, राज्य सरकार की योजनाओं का गहरा असर हुआ है और यह असर इस सीजन में हुई धान खरीदी में दिखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारदानों की कमी के बावजूद भी हमने धान खरीदी रुकने नहीं दी और रिकॉर्ड धान की खरीदी हुई। हमने बार-बार बारदाने भेजने का आग्रह केंद्र से किया लेकिन हमें केवल डेढ़ लाख बारदाने देने का निर्णय लिया गया और इसमें भी 40 हजार बारदाने अभी तक नहीं आ पाए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राजीव गांधी किसान योजना के माध्यम से हमने किसानों को संबल प्रदान किया। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से किसानों में आर्थिक समृद्धि आई है। किसानों में संतोष है। छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों की वजह से कृषि अर्थव्यवस्था बेहतर हुई है और इसका असर बाजार पर भी दिखा है। इस तरह से सभी वर्गों का विकास सरकार की नीतियों से हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने जिंदगी भर किसानी की है और किसानों की पीड़ा को समझते हैं और किसानों की पीड़ा को समझते हुए हमने निर्णय लिया कि कृषि हित में ठोस निर्णय लेने की जरूरत है तो यह बहुत आवश्यक है कि किसानों को उनकी उपज का पर्याप्त मूल्य मिल सके। हमने किसानों की कर्ज माफी का ऐतिहासिक निर्णय लिया जो अब तक का किसी राज्य का कर्जमाफी का सबसे बड़ा निर्णय रहा।

हमने चाहे वह छोटा किसान हो या बड़ा किसान, सभी का कर्ज माफ किया जो एक ऐतिहासिक निर्णय था। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हमने राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से 4 किश्तों में किसानों को सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। यह सहायता ऐसे मौकों पर दी गई जो किसानों के लिए सबसे आवश्यक मौके होते थे जिनमें से सबसे पहला मौका होता है जब खेती किसानी की शुरुआत होती है तो किसानों के खाते में 21 मई को राशि भेज दी ताकि वह खेती किसानी की शुरुआत कर सकें। तीसरी किश्त लुवाई के समय दी गई। आखरी किश्त हम 31 मार्च के पहले देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य भले ही अस्तित्व में आ गया हो लेकिन कहीं लगता था कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता को लेकर कुछ कमी शासन स्तर में महसूस होती है। हमने छत्तीसगढ़ी अस्मिता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं चाहे हरेली तीजा का अवकाश हो। चाहे मुख्यमंत्री निवास में हरेली तीजा पर्व मनाने की बात हो, यह सभी शुरुआत हमारी सरकार ने की है। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि बारदानों की कमी के बावजूद भी मुख्यमंत्री ने धान खरीदी की योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया यह बहुत बड़ा कार्य रहा। धान खरीदी उन्होंने संकट के बावजूद रुकने नहीं दी। आज जो किसानों के चेहरे पर संतोष है उसके पीछे राज्य सरकार की योजनाओं का गहरा असर दिखता है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मुरमुंडा स्थित गौठान का निरीक्षण भी किया यहां की व्यवस्था से प्रभावित हुए और उन्होंने कहा कि गौठान को आत्मनिर्भर बनाएं। गौठान के विकास में ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार निर्भर है।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्राम चेटुवा में मंगल भवन के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा की।

## जवाहर बाजपेयी निर्मित सेल गौरव लोगो को सेल चेयरमैन ने किया जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग- भिलाई
www.dailypioneer.com



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इस वर्ष गौरव दिवस के रूप में 24 जनवरी को अपना स्थापना दिवस मना रहा है। सेल कॉरपोरेट ऑफिस, नई दिल्ली में इस अवसर को अलग पहचान देने के लिए एक विशेष ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें सेल के सभी कर्मचारी जूम, सेल के यू-ट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर लाइव देखे पाए। सेल गौरव दिवस के अवसर पर सेल कॉरपोरेट ऑफिस द्वारा सेल गौरव दिवस का विशेष लोगो 'मेरा सेल,मेरा गौरव' जारी किया गया। यह लोगो, सेल कॉरपोरेट ऑफिस में आयोजित एक समारोह में सेल चेयरमैन सुश्री सोमा मंडल के कर कमलों से जारी किया गया। विदित हो कि भिलाई बिरादरी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि सेल के गौरव दिवस हेतु बनाया गया यह विशेष लोगो भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक (जनसंपर्क) जवाहर बाजपेयी द्वारा डिजाइन किया गया है। उल्लेखनीय है कि जवाहर बाजपेयी अपने क्रिएटिव डिजाइंस एवं सृजनशीलता के लिए जाने जाते हैं उनके द्वारा डिजाइन किए गए इस 'लोगो' की सेल चेयरमैन सोमा मंडल ने भी प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र जारी किया है। कंपनी ने गौरव दिवस की थीम पर पूरे साल जश्न मनाने का फैसला किया है, एक विशेष लोगो को मेरा सेल,मेरा गौरव के नारे के साथ डिजाइन किया गया है। भिलाई स्टील प्लांट के जनसंपर्क विभाग में सीनियर मैनेजर, जवाहर बाजपेयी द्वारा डिजाइन किए गए विशेष लोगो का उपयोग सेल और सेल की सभी इकाइयों ने अपनी ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों में किया है।

इस अवसर पर भिलाई स्टील प्लांट ने भिलाई के विभिन्न उपलब्धियों को फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया, जिसमें उनके प्राथमिक उत्पादों, कैप्टिव माइन्स, कॉस्मोपॉलिटन आउटलुक, पुरस्कार और प्रशंसा, शैक्षिक और खेल सुविधाएं, सांस्कृतिक गतिविधियां, शामिल हैं।

## बारह दिवसीय वर्चुवल खेलों का समापन आठ खेलों का किया आयोजन




**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ में बारह दिवसीय वर्चुअल खेलों का समापन शनिवार को हुआ। जिसमें कक्षा एक से दस तक के लगभग दो से भी अधिक विद्यार्थियों ने आठ प्रकार के खेलों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किड्स के छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्था के खेल प्रभारी अरुण मिश्रा ने आगे बताया कि सारे खेल इंडोर थे, जिसमें योगा भी शामिल हैं। आयोजन समापन पश्चात खिलाड़ियों को वर्चुअल प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस आयोजन के शुभारंभ व समापन समारोह में प्रबंधन समिति के महामंत्री प्रकाश चंद मालू ट्रस्टी संपत झाबक डायरेक्टर डॉ. वीरेंद नाहर प्रिंसिपल डायरेक्टर वी.एस.कल्पना प्रिंसिपल नंदिनी चतुर्वेदी वाईस प्रिंसिपल के.जी. मिनी कुरुप उपस्थित रहें।

## पार्षद इलेवन ने 9 विकेट से जीत कर किया वार्ड स्तरीय मैच का शुभारंभ

### वार्ड 9 एवं 24 ने जीते अपने शुरुआती मैच

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के तत्वावधान में वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 स्थित क्रिकेट मैदान में कराया जा रहा है जिसमें टूर्नामेंट का प्रथम उद्घाटन मैच पार्षद इलेवन एवं सीएमओ इलेवन के बीच खेला गया मैच 8 ओवरों का रहा जिनमें पार्षद इलेवन ने सीएमओ इलेवन को 9 विकेट से हराकर मैच जीत लिया प्रारम्भ में टॉस जीतकर सीएमओ इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसमें उनकी टीम ने निर्धारित 8 ओवर में महज 3 विकेट के नुकसान पर 50 रन ही बना पाई।


जिनके लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम पार्षद इलेवन ने 1 विकेट खोकर 50 रन का लक्ष्य 1ओवर शेष रहते ही पूरा कर लिया मैच में आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले पार्षद इलेवन के हरफनमौला खिलाड़ी वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद लोकेश साहू को मैन ऑफ द मैच चुना गया उन्होंने 32 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी झटके। मैच में नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने पार्षद इलेवन टीम की कप्तानी की तो वहीं मुख्यमंत्री ओएसडी मनीष बंछोर तथा मुख्यमंत्री सुपुत्र चैतन्य बघेल ने भी अपने बल्ले से रन बरसाए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने अपनी टीम की ओर से बॉलिंग की तो वहीं पार्षद थनेश पटेल प्रमोद राजपूत, सुधाकर त्रिपाठी सहित दोनों टीमों के अधिकारी कर्मचारियों एवं पार्षदों ने अपने खेल का प्रतिभा दिखाया। मैच में अंपायरिंग टिकेंद्र पटेल एवं निजाम के द्वारा किया गया स्कोरिंग भूपेंद्र पटेल, कमेंट्री लेखराम गेन्द्रे ने किया। वहीं आयोजन में विशेष अतिथियों में उपाध्यक्ष के रवि कुमार, जानकी ध्रुव, सती यादव, लता खैरवार, कुमारी बाई निषाद, रीना साहू, यूजेन्द्र साहू, नीतू रावते, एल्डरमैन पवन अग्रवाल, ललित राजपूत, शीश बंसल मौजूद रहें।

दूसरा मैच वार्ड क्रमांक 1 और वार्ड क्रमांक 24 के बीच खेला गया जिसमें वार्ड 24 ने मैच जीत लिया। आज का तीसरा और अंतिम मैच वार्ड क्रमांक 09 शिवनगर एवं वार्ड क्रमांक 22 सत्यनगर के मध्य खेला गया जिसमे वार्ड 22 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया पूरे आठ ओवर में वार्ड 22 की टीम ने 46 रन बनाए जिसके जवाब में बैटिंग करने उतरी वार्ड 09 के ओपनर विमल और रंजीत ने शानदार शुरुवात करते हुए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया चौथे विकेट के लिए आए दीपक यादव ने बैटिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक छक्का और दो चौको की मदद से टीम के लिए 23 रन जोडे और वार्ड 09 ने मैच को सिर्फ सात ओवर में ही जीत लिया मैच में मैन ऑफ द मैच बने दीपक यादव सहित पूरी टीम को वार्ड पार्षद निश्चय वाजपेयी ने बधाई दी।








गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड-जगदलपुर


जांजगीर-चांपा जिले के समस्त नागरिक बंधुओं
को
गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की
हार्दिक शुभकामनाए
अमर सुल्तानिया
लीलाधर सुल्तानिया
श्याम एग्रो एण्ड पॉवर प्रा.लि.बनारी (जांजगीर)


सक्ती क्षेत्र के समस्त नागरिक बंधुओं को
गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की
हार्दिक शुभकामनाए
विनीत - मुकेश अग्रवाल (डी.एम.) पूर्व सदस्य मण्डल रेल उपभोक्ता, सलाहकार समिति सक्ती


सक्ती विकासखण्ड के समस्त नागरिक बंधुओं को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
गणतंत्र दिवस अमर रहे-अमर रहे
श्रीमती ममता उरांव
विकासखण्ड-सक्ती
उपाध्यक्ष सरपंच संघ-सक्ती
श्रीमती गायत्री सोनवानी
सहायक शिक्षक
विकासखण्ड-सक्ती
श्रीमती मीरा देवांगन
सहायक शिक्षक
विकासखण्ड-सक्ती
श्रीमती हेमलता चन्द्रा
विकासखण्ड-सक्ती
श्रीमती जानवी चौबे
सहायक शिक्षक
विकासखण्ड-सक्ती


शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सकरेली(बा.)
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ..
26
JANUARY
Happy Republic Day!
पुष्पेन्द्र कुमार कश्यप
शा.प्रा.शाला सकरेली(बा.)
विकासखण्ड-सक्ती
वेदप्रकाश दिवाकर
शा.पू.मा.शाला सकरेली(बा.)
विकासखण्ड-सक्ती



ग्राम पंचायत सकरेलीकला(स) की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाए.
January
डमरूधर साहू
सरपंच
अध्यक्ष सरपंच संघ-सक्ती
समस्त पंचगण तथा ग्रामवासी
ग्राम पंचायत सकरेलीकला, वि.ख.-सक्ती
श्रीमती रीना राज
सचिव



प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
बस्तर में भटकने वाले नक्सलियों को बस्तर पुलिस मुख्यधारा में लौटने का
आव्हान करती है। साथ-साथ बस्तरवासियों के विकास सुरक्षा के प्रति बस्तर पुलिस वचनबद्ध है।
जय
हिन्द
छत्तीसगढ़ पुलिस
2000
परित्राणाय साधूनाम्
पुलिस अधीक्षक, जिला-बस्तर

# मुख्यमंत्री जगदलपुर में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे

**रायपुर।** 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में ध्वजारोहण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत जांजगीर-चांपा में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेगें।


राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण करने वाले मुख्य अतिथियों की सूची जारी कर दी गई है। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार ध्वजारोहण के लिए मंत्रीगणों के साथ-साथ संसदीय सचिवों को मुख्य अतिथि बनाया गया है। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू महासमुंद में, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव बलौदाबाजार-भाटापारा में, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे दुर्ग में, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम कोरबा में, वन मंत्री मोहम्मद अकबर राजनांदगांव में, उद्योग मंत्री कवासी लखमा कांकेर में, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया सरगुजा में, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया रायगढ़ में, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार नारायणपुर में, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल बिलासपुर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत बालोद में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेगें।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403